PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

# दैनिक भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-178 | झुंझुनू (राजस्थान) | शुक्रवार, 22 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'इंसान की असली पहचान उसकी जाति, धर्म या दौलत नहीं, बल्कि संकट के समय दूसरों के लिए खड़े होने की उसकी इंसानियत होती है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## अस्पताल और अदालत : जहाँ जाति-धर्म का नशा उतर जाता है

मानव सभ्यता ने विज्ञान, तकनीक और विकास के क्षेत्र में भले ही अद्भुत ऊंचाइयाँ हासिल कर ली हों, लेकिन आज भी समाज का एक बड़ा हिस्सा धर्म, जाति, ऊंच-नीच और सामाजिक अहंकार की संकीर्ण दीवारों में कैद दिखाई देता है। इंसान अपनी पहचान को मानवता से पहले जाति और धर्म से जोड़ने लगा है। यही कारण है कि समाज में नफरत, भेदभाव और वैमनस्य की खाई लगातार गहरी होती जा रही है। लेकिन प्रकृति और समय का एक अटल नियम है–संकट आने पर इंसान के बनाए हुए सारे कृत्रिम विभाजन ढह जाते हैं। तभी कहा जाता है कि इंसान का धर्म और जाति का नशा उस समय उतर जाता है, जब अस्पताल में खून और अदालत में जमानती की जरूरत पड़ती है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

जब जीवन सामान्य गति से चल रहा होता है, तब इंसान अपने अहंकार और सामाजिक श्रेष्ठता के भ्रम में जीता है। वह दूसरों को धर्म, जाति और वर्ग के आधार पर बांटता है। कई बार तो लोग अपने ही जैसे इंसानों को छूने तक से परहेज करते हैं। लेकिन जैसे ही जीवन पर संकट आता है, इंसान की सारी बनावटी दीवारें टूटने लगती हैं। अस्पताल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कल्पना कीजिए उस परिवार की, जिसका कोई सदस्य जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा हो। डॉक्टर कहता है कि तुरंत खून की आवश्यकता है, अन्यथा मरीज को बचाना मुश्किल होगा। उस भयावह क्षण में कोई यह नहीं पूछता कि खून देने वाला किस धर्म या जाति का है। वहाँ केवल एक चीज मायने रखती है–मानवता। जिस व्यक्ति को समाज में कभी छोटा समझा गया, उसी का खून किसी की रगों में दौड़कर जीवन बचा सकता है। उस पल इंसान को समझ आता है कि खून का रंग कभी जाति या मजहब देखकर नहीं बदलता। सभी का खून लाल ही होता है और सभी की सांसें एक जैसी चलती हैं।

इसी प्रकार अदालत और जेल की परिस्थितियाँ भी इंसान को उसकी वास्तविकता से परिचित कराती हैं। जब कोई व्यक्ति कानूनी संकट में फंस जाता है और उसे जमानत की आवश्यकता होती है, तब उसकी जातिगत श्रेष्ठता और सामाजिक प्रतिष्ठा का भ्रम टूट जाता है। उस समय जो व्यक्ति आगे बढ़कर उसके लिए गवाही देता है या जमानत लेता है, वही उसका सबसे बड़ा सहारा बन जाता है। वह किसी भी धर्म, जाति या समुदाय का हो सकता है। संकट की घड़ी में वही 'अपना' बन जाता है, जिसे शायद सामान्य परिस्थितियों में कभी बराबरी का दर्जा भी नहीं दिया गया हो। विडंबना यह है कि जिन धर्म और जाति के नाम पर लोग समाज में लड़ते हैं, मुसीबत आने पर वही तथाकथित ठेकेदार सबसे पहले किनारा कर लेते हैं। नफरत फैलाने वाले भाषण देने वाले लोग अस्पताल में रक्तदान करने नहीं पहुंचते और ना ही अदालत में किसी की जमानत लेने खड़े दिखाई देते हैं। वहाँ केवल संवेदनशील और इंसानियत को समझने वाले लोग ही साथ खड़े होते हैं। यही सच्चाई समाज को समझने की आवश्यकता है। आज सोशल मीडिया और राजनीतिक स्वार्थों ने समाज को और अधिक विभाजित कर दिया है। धर्म और जाति के नाम पर लोगों की भावनाओं को भड़काया जा रहा है। इंसान को इंसान से लड़ाने का खेल लगातार चल रहा है। लेकिन यह भी सत्य है कि बीमारी, दुर्घटना, भूख, गरीबी और मौत कभी किसी की जाति या धर्म देखकर नहीं आती। कुदरत इंसान को हमेशा यह एहसास कराती रहती है कि उसकी बनाई हुई दीवारें अस्थायी हैं, जबकि मानवता शाश्वत सत्य है।

समाज की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि लोग धार्मिक और जातिगत पहचान को इंसानियत से ऊपर रखने लगे हैं। जबकि इतिहास गवाह है कि किसी भी सभ्यता का उत्थान भाईचारे, समानता और सहयोग से हुआ है, न कि विभाजन और घृणा से। जब इंसान इंसान को केवल इंसान समझेगा, तभी समाज वास्तविक अर्थों में मजबूत बन सकेगा। हमें यह समझना होगा कि अस्पताल का बेड और अदालत का कटघरा इंसान को उसकी असली औकात का आईना दिखा देते हैं। वहाँ ना कोई ऊंचा होता है और ना कोई नीचा। वहाँ केवल दो चीजें बचती हैं–मजबूरी और इंसानियत। संकट के समय यही इंसानियत सबसे बड़ा धर्म बन जाती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज धर्म और जाति के नाम पर फैल रही नफरत से ऊपर उठे। बच्चों को बचपन से मानवता, समानता और संवेदनशीलता की शिक्षा दी जाए। यदि इंसान अपने भीतर इंसानियत को जिंदा रखेगा, तो समाज में भेदभाव और कट्टरता की दीवारें स्वतः गिर जाएंगी।

**अंततः**, जीवन का सबसे बड़ा सत्य यही है कि इंसान को अंत में इंसान ही काम आता है। ना जाति साथ जाती है, ना धर्म का अहंकार। साथ जाता है तो केवल प्रेम, सहयोग और मानवता का व्यवहार। इसलिए समय रहते इस नफरत के नशे से जागना जरूरी है। क्योंकि असली धर्म मंदिर, मस्जिद या जाति नहीं, बल्कि वह इंसानियत है, जो अस्पताल की ड्रिप में बहते खून और अदालत में दी गई गवाही में साफ दिखाई देती है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का भाजपा मुख्यालय घेराव, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को जयपुर में भाजपा मुख्यालय का घेराव कर





जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पैदल मार्च निकालते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक कांड में भाजपा का एक पदाधिकारी आरोपी है और सरकार उसे संरक्षण देने का काम कर रही है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह देश के लाखों युवाओं के भविष्य और सपनों के साथ विश्वासघात है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। भाजपा मुख्यालय के घेराव और विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस गिरफ्तारी भी दी गई। गिरफ्तारी देने वालों में पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, घनश्याम मेहर, बाबूलाल कलबी, मणिराज सिंह, इकबाल खान, मोहम्मद अनवर, महेन्द्र योगी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।विरोध प्रदर्शन में शेर सिंह नेहरा, सुमित्रा सैनी, राजकुमार राठी, संजय सैनी, विनोद काजला, अनिल कटेवा, महावीर जोया और प्रकाश गुर्जर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल ने किया इंडेल मनी गोल्ड लोन ब्रांच का उद्घाटन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

कस्बे में इंडेल मनी गोल्ड लोन ब्रांच का उद्घाटन पूर्व प्रधान एवं भाजपा नेता कैलाश मेघवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान पिलानी प्रधान बिरमा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि इंडेल मनी के माध्यम से ग्राहकों को गोल्ड लोन, पर्सनल लोन एवं फॉरेन एक्सचेंज जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। संस्था की देशभर में 400 से अधिक शाखाएं संचालित हैं, जबकि राजस्थान में 20 से अधिक ब्रांच शुरू की जा चुकी हैं। कार्यक्रम में एरिया हेड वीरेंद्र सिंह, ब्रांच हेड दीपक शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मनीष, पवन, सुधीर, मनोज शेखावत, अजीत, प्रदीप, महेंद्र मोदी, संदीप रायला एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान लोगों ने नई शाखा के शुभारंभ पर शुभकामनाएं दीं।

## स्व. रक्षिता की तृतीय पुण्यतिथि पर बलौदा में आज लगेगा विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं महा रक्तदान शिविर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

मां सरस्वती की उपासक एवं ग्रामवासियों की लाडली बेटी स्व. रक्षिता (बुगल)पुत्री दारा सिंह, विकास अधिकारी की तृतीय पुण्यतिथि पर आज ग्राम बलौदा में विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर शहीद धर्मपाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बलौदा के प्रांगण में आयोजित होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं आगंतुकों द्वारा स्व. रक्षिता (बुगल) के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ किया जाएगा। शिविर में पायल हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, चिड़ावा की ओर से स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। वहीं डॉ. नेहरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मंडेला की ओर से डॉ. सत्यवीर सिंह नेहरा एवं उनकी टीम द्वारा नशा मुक्ति संबंधी सेवाएं दी जाएंगी। विशेष रूप से मानसा एएसजी आई हॉस्पिटल, सीकर के सुप्रसिद्ध डॉ. नरेंद्र सिंह चौहान, डॉ. अमित कुमार शर्मा एवं हॉस्पिटल मैनेजर पवन कुमार सोनी के नेतृत्व में नेत्र रोग विशेषज्ञों की सेवाएं भी शिविर में उपलब्ध रहेंगी। शिविर में आने वाले अतिथियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों का वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों की ओर से शिविर स्थल पर पेयजल, कूलर, पंखे एवं छाया की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।




कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, भामाशाहों, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं तथा जनहित में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। रक्षिता सेवा संस्थान के संस्थापक एवं विकास अधिकारी दारा सिंह तथा समस्त ग्रामवासी बलौदा ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर चिकित्सा सेवाओं एवं रक्तदान महाअभियान में भागीदारी निभाने की अपील की है।

## नीमराना में मनाई गई भारत रत्न राजीव गाँधी की 35वीं पुण्य तिथि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेश चन्द** । आधुनिक भारत के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गाँधी की 35वीं पुण्य तिथि आज नगर कांग्रेस कार्यालय नीमराना पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेदप्रकाश सैनी ने की। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें देश के विकास में राजीव गाँधी के योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सूचना क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था और युवाओं को 18 वर्ष में मताधिकार दिलाने जैसे ऐतिहासिक फैसलों से राजीव गाँधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व सरपंच धर्मवीर सिंह रेवाड़िया, मन्जीत सामदिया, देवेन्द्र कुमार दोसोदिया, मुकेश निर्मल, विनोद कुमार यादव, प्रवीन कुमार, सुनिल चर्खिया, सज्जन कुमार यादव, सन्दीप उमरावगढ़, बलवीर यादव, संजय कुमार सैनी, संजय कुमार यादव मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, देवेन्द्र जोशी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या

**इस्लामाबाद ।**

2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में गोली मारकर हत्या कर दी गई। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक हमजा पर गुरुवार को मुजफ्फराबाद के AIMS कॉलेज के बाहर अज्ञात हमलावरों ने कई गोलियां चलाईं, जिनमें से तीन उसके सिर में लगीं। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हमजा बुरहान जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले का रहने वाला था। वह पहले आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा था और बाद में अल बराक के लिए काम करने लगा। वह मुजफ्फराबाद के चीला बांदी इलाके में भारी सुरक्षा के बीच रह रहा था। उसके पास कमांडो सुरक्षा, बुलेटप्रूफ गाड़ी और एस्कॉर्ट वाहन भी थे।

## डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं**

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से पहुंचे परिवादियों ने बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखीं। जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जनसुनवाई में रामनिवास, देवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे, जबकि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

## पिलानी में 6 दिवसीय नान चाकू एवं योगा समर कैंप शुरू, बच्चों में दिखा उत्साह



**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

पिलानी स्थित आर. एम. ए. एंड स्पोर्ट्स अकैडमी द्वारा आयोजित 6 दिवसीय नान चाकू एवं योगा समर कैंप का शुभारंभ श्रीमती जमुना मिश्रा अकैडमी स्कूल के खेल मैदान में उत्साहपूर्वक हुआ। यह कैंप 20 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कैंप के पहले दिन 30 से अधिक बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों को नान चाकू की बेसिक तकनीकों, आत्मरक्षा, अनुशासन, फिटनेस एवं योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। योग सत्र में विभिन्न योगासन और शारीरिक संतुलन से जुड़े अभ्यास भी करवाए गए। अकैडमी के प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे। अकैडमी निदेशक जोनी महेश स्वामी ने बताया कि अकैडमी का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और आत्मरक्षा की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से अकैडमी में बालिकाओं को लगातार निःशुल्क मार्शल आर्ट्स एवं सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# छः बेटियों के सिर से उठा पिता का साया, विधायक पहुंचे शोकसभा में बोले–'दर्द की इस घड़ी में सरकार आपके साथ खड़ी है

### भण्डपुरा में सड़क हादसे के बाद पसरा मातम, आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

मनोज खंडेलवाल । जिस घर का कमाने वाला चला जाए, वहां चूल्हा भी आंसुओं से जलता है...' उपखंड क्षेत्र के ग्राम भण्डपुरा (गढ़ हिम्मतसिंह) में इन दिनों कुछ ऐसा ही मंजर पसरा हुआ है, जहां सड़क दुर्घटना में असमय काल के गाल में समा गए पूरण सैनी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और छह बेटियों के सिर से पिता का



साया उठ जाने से परिवार गहरे संकट में घिर गया है। इसी संवेदनशील माहौल के बीच क्षेत्रीय विधायक शोकसभा में पहुंचे और दिवंगत पूरण सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। ग्रामीण परिवेश की पीड़ा को करीब से समझते हुए विधायक ने परिवार की आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। बताया जा रहा है कि दिवंगत पूरण सैनी ही परिवार के मुख्य सहारा थे और उनके निधन के बाद परिवार के सामने आजीविका से लेकर बेटियों के भविष्य तक का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। शोकसभा के दौरान विधायक ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से तत्काल प्रभाव से जोड़ा जाए तथा नियमानुसार मिलने वाली आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और अन्य राहत लाभों की प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए।विधायक ने साफ कहा कि प्रशासनिक स्तर पर संवेदनशीलता और जवाबदेही दोनों जरूरी हैं तथा ऐसे संकटग्रस्त परिवारों को राहत पहुंचाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार की बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और भविष्य को लेकर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। शोकसभा में मौजूद ग्रामीणों ने भी परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए प्रशासन से त्वरित सहायता की मांग उठाई।

# यंग जनरेशन में धैर्य की कमी, क्या है इसका समाधान



**जीवन में धैर्य व सहनशीलता न केवल मानसिक शांति के लिए जरूरी है बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता पाने का मार्ग भी दिखाती है. मगर क्या आजकल डिजिटल युग में युवा पीढ़ी इन को अपना पाते हैं...**

आज सूचना संचार खासतौर से इंटरनैट ने युवावर्ग को और सशक्त बना दिया है. युवा आज इस विकसित तकनीक के माध्यम से हर क्षेत्र में ब्लौग लिख कर, सोशल नैटवर्किंग साइट विकसित करने, फोटो शेयर कर के लाखों लोगों के साथ संपर्क बना कर एकदूसरे के नजदीक आ रहे हैं. मगर क्या वे वाकई नजदीक आ रहे हैं या फिर रिश्तों और जिम्मेदारियों से दूर जा रहे हैं? केवल वर्चुअल रिश्तों या सपनों की दुनिया में व्यस्त रहना और हकीकत के रिश्तों से कटना कहां की समझदारी है ज्यादातर युवाओं के दिलोदिमाग में आगे बढ़ने का या अपने सपनों को पूरा करने का जज्बा तो है मगर वह जनून नहीं. वे स्थिर दिमाग नहीं रखते. आज कुछ सोचते तो कल कहीं और भटक जाते हैं. इस से उन के बढ़ने की स्पीड सही दिशा में न होने के कारण वे खुद में ही उल ?ा कर रह जाते हैं. सपने बड़े हैं और शरीर में ताकत भी है. बेधड़क कुछ करने को निकल भी पड़ते हैं मगर विचारों में ठहराव न होने की वजह से कहीं पहुंच नहीं पाते. दिशाहीन भटकते रह जाते हैं.अमित अपनी नईनई बनी गर्लफ्रैंड के साथ होटल युवराज में न्यू ईयर पार्टी सैलिब्रेशन में व्यस्त था. नाचगाने और शोरशराबे के बीच वह ऋचा को बांहों में ले कर झूम रहा था. उस के दोस्त पार्टी को फुल ऐंजौय कर रहे थे. तभी उस के फोन में किसी का मैसेज आया. पहले तो उस ने मैसेज पढ़ कर इग्नोर कर दिया मगर फिर फोन बज उठा. उस ने फोन साइलैंट पर कर दिया मगर कौल्स आनी बंद नहीं हुईं. तब थोड़ा चिढ़ कर उस ने फोन उठाया मगर बात करते समय आवाज में मधुरता बनाए रखी और बोला, ''यार सुरभि मैं अभी बिजी हूं कहीं. बस मुझे 1 घंटे का समय दो मैं तुम्हारे पास पहुंचता हूं.''

''ओके मैं वेट कर रही हूं होटल अशोका में दोस्तों के साथ. बी पंक्चुअल. केवल 1 घंटे का समय है तुम्हारे पास,'' उस ने कहा.

अमित जानता था होटल युवराज से होटल अशोका पहुंचने में उसे बाइक से महज आधे घंटे का समय लगेगा. वह बाइक हवा की रफ्तार से चलाता है. खुद पर ज्यादा ही कौन्फिडैंस है उसे. इसलिए उस ने अपना ध्यान फिर से अपनी नई गर्लफ्रैंड ऋचा पर लगा दिया. सुरभि उस की 2 साल पुरानी गर्लफ्रैंड है जिस के साथ अब अकसर उस की लड़ाई होने लगी है. वह खूबसूरत होने के साथसाथ मुंहफट भी है सो कुछ भी कह देती है. अमित अब उस से ब्रेकअप करने वाला था. ऋचा से मिलने के बाद उसे अपने फैसले को ले कर कोई कन्फ्यूजन नहीं रह गई थी. ऋचा रिच फैमिली से थी और बिंदास भी थी. अतुल को यही चाहिए था. आने वाले इस नए साल में वह सुरभि से औफिशली ब्रेकअप ले कर ऋचा के साथ मस्त समय बिताने वाला था. मगर अभी न्यू ईयर सैलिब्रेशन के समय सुरभि से कुछ कह कर मुसीबत मोल लेना नहीं चाहता था. आधापौना घंटा ऐंजौय करने के बाद उस ने ऋचा और दोस्तों से विदा ली और सुरभि और उस के दोस्तों के पास जाने के लिए निकल गया. रास्ते में वह फुल स्पीड में बाइक दौड़ा रहा था. तभी सामने से उसी तरह तेज स्पीड गाड़ी के अचानक आने से उस का बैलेंस बिगड़ा और वह बाइक समेत गिर पड़ा. गनीमत रही कि उसे ज्यादा चोट नहीं आई थी. केवल घुटने छिल गए थे वरना 2 साल पहले इसी बाइक से ऐक्सीडैंट के बाद उसे 1 सप्ताह अस्पताल में रहना पड़ा था. चोट की परवाह किए बिना वह फिर से बाइक स्टार्ट करने लगा क्योंकि सुरभि समय की बहुत पाबंद है. अगर वह समय पर नहीं पहुंचा तो दोस्तों के आगे उस की इज्जत की धज्जियां उड़ा देगी.

### बिंदास और रफतारभरी जिंदगी

यह एक नजारा था हमारे युवाओं के बिंदास स्वभाव और रफ्तारभरी जिंदगी का. युवा लड़के हों या लड़कियां वे न सिर्फ रफ्तार में चलते हैं बल्कि रिश्तों के बंधनों को भी रफ्तार से खोलते और बांधते हैं. वे किसी एक रिश्ते का साथ उम्रभर साथ निभाने को ले कर सीरियस नहीं रहते. उन्हें अपनी आजादी और मनमरजी की जिंदगी में किसी का दखल नहीं चाहिए. वैसे युवाओं को भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाला माना जाता है. उन्हें परिवर्तन का वाहक माना जाता है. वे उत्साह और जीवनशक्ति से पूर्ण होते हैं. युवा शब्द जीवंतता, आनंद, उत्साह और जनून से जुड़ा होता है. ऐसा इसलिए है क्योंकि युवा पीढ़ी के लोग जीवन से भरपूर होते हैं. वे नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक हैं और कुछ नया करने के लिए हमेशा तैयार होते हैं.



# वजन कम करने के लिए नींबू से कर लें दोस्ती, इससे मिलने वाले फायदे

**कई गुणों से भरपूर नींबू वजन कम करने के लिए एक नेचुरल इंग्रीडिएंट के रूप में कार्य करता है। फैट्स को बर्न करने के अलावा मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने और ओवरऑल हेल्थ को मज़बूती प्रदान करने में मदद करता है।महक शरीर को तरोताज़ा बनाए रखने में मदद करते हैं। टेस्ट एनहांसर के रूप में इस्तेमाल होने वाला लेमन जूस जहां शरीर में विटामिन और मिनरल की कमी को पूरा करता है। वहीं इससे शरीर में मौजूद फैट्स को बर्न करने में भी मदद मिलती है। अधिकतर लोग दिन की शुरूआत नींबू पानी पीकर करते हैं।**



कई गुणों से भरपूर नींबू वजन कम करने के लिए एक नेचुरल इंग्रीडिएंट के रूप में कार्य करता है। फैट्स को बर्न करने के अलावा मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने और ओवरऑल हेल्थ को मज़बूती प्रदान करने में मदद करता है।महक शरीर को तरोताज़ा बनाए रखने में मदद करते हैं। टेस्ट एनहांसर के रूप में इस्तेमाल होने वाला लेमन जूस जहां शरीर में विटामिन और मिनरल की कमी को पूरा करता है। वहीं इससे शरीर में मौजूद फैट्स को बर्न करने में भी मदद मिलती है। अधिकतर लोग दिन की शुरूआत नींबू पानी पीकर करते हैं। ये नेचुरल डिटाक्सीफायर शरीर को स्वस्थ और हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। जानते हैं एक्सपर्ट से किस प्रकार नींबू का सेवन करके वजन कम करने में मिलती है मदद ।

**जानें नींबू क्यों है खास**–आहार में नींबू का रस या फिर अचार के रूप में शामिल करने से शरीर को विटामिन सी, फाइबर और मिनरल्स की प्राप्ति होती है। इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंटस की मात्रा शरीर में हृदय रोगों, कैंसर और किडनी स्टोन के इलाज कोकम कर देती है। यूएसडीए के अनुसार 1 नींबू में 20 कैलोरीज़ पाई जाती है। इसके अलावा कम मात्रा में फैट्स और प्रोटीन पाया जाता है। साथ ही 10 फीसदी कार्ब्स और 89 फीसदी पानी की मात्रा होती है।

**जानें नींबू वजन कम करने में कैसे मदद करता है** – इस बारे में डायटीशियन डॉ अर्चना बत्रा बताती हैं कि नींबू वजन कम करने के लिए एक नेचुरल इंग्रीडिएंट के रूप में कार्य करता है। फैट्स को बर्न करने के अलावा मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने और ओवरऑल हेल्थ को मज़बूती प्रदान करने में मदद करता है। इससे हेल्दी वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है।विटामिन सी से भरपूर नींबू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फैट्स के ऑक्सीकरण समेत चयापचय के लिए आवश्यक है। विटामिन सी शरीर की वसा को तोड़ने की क्षमता को बढ़ाकर ऊर्जा के लिए ज़रूरी फैट्स के ब्रेकडाउन को उत्तेजित करता है। एक्सपर्ट के अुनसार पर्याप्त विटामिन सी का सेवन व्यायाम के दौरान बेहतर तरीके से फैट बर्निंगमें फायदेमंद साबित होता है।

**1.लो कैलोरी फूड**–नींबू एक लो कैलेरी फूड है। इसमें मौजूद विटामिन सी से जहां शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, तो वहीं आयरन का एबजॉर्बशन भी बढ़ने लगता है। इससे शरीर में वसा के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे मोटापे की समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें मौजूद सिट्रिक एसिड गट हेल्थ को मज़बूत बनाता है, जो वेटलॉस में मददगार साबित होती है।

**2. फाइबर से भरपूर**–नींबू में पेक्टिन नाम का सॉल्यूबल फाइबर पाया जाता है। इसकी मदद से शुगर और स्टार्च के डाइजेशन को स्लो करके पाचन में मदद मिलती है। साथ ही इसके रस को पानी में मिलाकर पीने से भूख कम लगती है और शरीर में कैलोरी स्टोरेज से बचा जा सकता है।

**3. डयूरेटिक गुणों से भरपूर**–नींबू का सेवन करने से शरीर में मौज़्द विषैले पदार्थों को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। इससे शरीर में वॉटर रिटेंशन और सूजन को कम करने में मदद मिलती हैं। एक्सपर्ट के अनुसार नींबू अकेले शरीर में जमा वसा की मात्रा को खत्म नहीं कर सकता है। मगर नियमित व्यायाम के साथ साथ नींबू को आहार में शामिल करके इस समस्या को हल किया जा सकता है।

**4. शरीर को रखे हाइड्रेट**– शरीर में हाइड्रेशन को बढ़ाकर कैलोरीज़ की मात्रा को कम किया जा सकता है। लेमन इंफ्यूडज वॉटर प्यास बुझाने के अलावा शरीर को डिटॉक्सिफाइ करने में मदद करता है। इससे शरीर में पानी का उचित स्तर बना रहता है। साथ ही ओवरइटिंग से भी राहत मिल जाती है। इसकी मदद से शुगरी पेय पदार्थों में मौजूद अतिरिक्त कैलोरी का इनटेक किए बगैर हाइड्रेटेड रहने का एक आसान तरीका है।

**5. मेटाबॉलिज्म को करे बूस्ट**–मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने के लिए शरीर का हाइड्रेट रहना आवश्यक है। ऐसे में नींबू की मदद से शरीर में पोषक का उचित स्तर बना रहता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार हाइड्रेशन माइटोकॉन्ड्रिया के कार्य को बढ़ाता है। इससे शरीर में ऊर्जा का उचित स्तर बना रहता है। इससे चयापचय में वृद्धि होती है और वजन को कम किया जा सकता है। **1. नींबू पानी**–एक गिलास गुनगुने पानी में 2 चम्मच नींबू का रस मिलाएं और स्वाद को बढ़ाने के लिए 1 चम्मच शहद एड कर लें।

आज के समय में लड़की के मातापिता सास व ससुराल से क्या पति से भी बिना कारण समझौता करने की पारंपरिक शिक्षा नहीं देते जो सही भी है.

# सास बहू के बनते-बिगड़ते रिश्ते, मौडर्न सोच से कम होंगे झगड़े

**सास** और बहू का बेहद नजदीकी रिश्ता होते हुए भी सदियों से विवादित रहा है. तब भी जब महिलाएं अशिक्षित होती थीं खासकर सास की पीढ़ी अधिक शिक्षित नहीं होती थी और आज भी जबकि दोनों पीढ़ियां शिक्षित हैं और कहींकहीं तो दोनों ही उच्चशिक्षित हैं. फिर क्या कारण बन जाते हैं इस प्यारे रिश्ते के बिगड़ते समीकरण के संयुक्त परिवारों में जहां सास और बहू दोनों साथ रह रही हैं वहां अगर सासबहू की अनबन रहती है तो पूरे घर में अशांति का माहौल रहता है. सासबहू के रिश्ते का तनाव बहूबेटे की जिंदगी की खुशियों को भी लील जाता है. कभीकभी तो बेटेबहू का रिश्ता इस तनाव के कारण तलाक के कगार तक पहुंच जाता है. हालांकि, भारत की महिलाओं का एक छोटा हिस्सा तेजी से बदला है और साथ ही बदली है उन की मानसिकता. उस हिस्से की सासें अब नई पीढ़ी की बहुओं के साथ एडजैस्टमैंट बैठाने की कोशिश करने लगी हैं. सास को बहू अब आराम देने वाली नहीं बल्कि उस का हाथ बंटाने वाली लगने लगी है. यह बदलाव सुखद है. नई पीढ़ी की बहुओं के लिए सासों की बदलती सोच सुखद भविष्य का आगाज है. फिर भी हर वर्ग की पूरी सामाजिक सोच को बदलने में अभी वक्त लगेगा.

### ऐसे बिगड़ते हैं रिश्तों के समीकरण

भले ही आज की सास बहू से खाना पकाने व घर के दूसरे कामों की जिम्मेदारी निभाने की उम्मीद नहीं करती. बहू पर कोई बंधन नहीं लगाती और न ही उस के व्यक्तिगत मसलों में हस्तक्षेप करती है. पर फिर भी कुछ कारण ऐसे बन जाते हैं जो अधिकतर घरों में इस प्यारे रिश्ते को बहुत सहज नहीं होने देते. अभी भी बहुत कुछ बदलने की जरूरत है क्योंकि आज भी कहीं सास तो कहीं बहू भारी है.

वे कारण जो शिक्षित होते हुए भी इन 2 रिश्तों के समीकरण बिगाड़ते हैं– आज की बहू उच्चशिक्षित होने के साथसाथ आत्मनिर्भर भी है. मायके से मजबूत भी है क्योंकि अधिकतर 1 या 2 ही बच्चे हैं. अधिकतर लड़कियां इकलौती हैं, जिस के कारण वे सास से क्या किसी से भी दब कर नहीं चलतीं.



आज के समय में लड़की के मातापिता सास व ससुराल से क्या पति से भी बिना कारण समझौता करने की पारंपरिक शिक्षा नहीं देते जो सही भी है.

बहुओं को आज के समय में खाना बनाना न आना एक स्वाभाविक सी बात है और बनाना आना आश्चर्य की.

गेंद अब सास के पाले से निकल कर बहू के पाले में चली गई. बहू नई टैक्नोलौजी की अभ्यस्त है, इसलिए बेटा उसे अधिक तवज्जो देता है जो सास को थोड़ा उपेक्षित सा कर देता है. सास शिक्षित होते हुए भी और नए जमाने के अनुसार खुद को बदलने का दावा करने के बावजूद बहू के इस बदले हुए आधुनिक, आत्मविशासी व बिंदा सरूप को सहजता से स्वीकार नहीं कर पा रही है. पतिपत्नी के बंधे हुए पारंपरिक रिश्ते से उतर कर बहूबेटे के दोस्ताने रिश्ते को कई सासों को स्वीकार करना मुश्किल हो रहा है.

बहू के बजाय बेटे को घर संभालना पड़े तो सास की पारंपरिक सोच उसे कचोटती है.

बहू की आधुनिक जीवनशैली त्रस्त करती है. सास सोचती है वह तो अपनी सास का विकल्प बनी पर उस का कोई विकल्प नहीं आया. ये कुछ ऐसे कारण हैं जो आज की सासबहू दोनों शिक्षित पीढ़ी के बीच अलगाव व तनाव का कारण बन रहे हैं. फलस्वरूप विचारों व भावनाओं की टकराहट दोनों तरफ से होती है. दोनों के बीच शीत युद्ध प्रारंभ हो जाता है. बेटे व पति से दोनों शिकायतें कर अपने पक्ष में करने की कोशिश करने लगती हैं, जिस से बेटेबहू के रिश्तों के बीच धीरेधीरे अव्यक्त तनाव पसरने लगता है क्योंकि बेटा अपनी मां के प्रति भी कठोर नहीं हो सकता, जिस से पत्नी नाराज रहती है. छोटीछोटी बातें चिनगारी भड़काने का काम करती हैं, जिस की परिणति कभीकभी बेटेबहू को कोर्ट की दहलीज तक पहुंचा कर होती है.

### सास–बहू का रिश्ता

'यूनिवर्सिटी आफ कैंब्रिज' की सीनियर प्रोफैसर राइटर और नोचिकित्सक डा. टेरी आप्टर ने अपनी किताब, 'व्हाट डू यू वांट फ्रौम मी' के लिए की गई अपनी रिसर्च में पाया कि 50त्न मामलों में सासबहू का रिश्ता खराब होता है. 55त्न बुजुर्ग महिलाओं ने स्वीकार किया कि वे खुद को बहू के साथ असहज और तनावग्रस्त पाती हैं. जबकि करीब दोतिहाई महिलाओं ने महसूस किया कि उन्हें उन की बहू ने अपने ही घर में अलगथलग कर दिया.

### नई पीढ़ी की बहुओं की सोच

नई पीढ़ी की लड़कियों की सोच बहुत बदल गई है. वे पारंपरिक बहू की परिधि में खुद को किसी तरह भी फिट नहीं करना चाहतीं. उन की सोच कुछकुछ पाश्चात्य हो चुकी है. उन्हें ढोंग व दिखावा पसंद नहीं है. वे विवाह पश्चात अपने घर को अपनी तरह से संवारना चाहती हैं. वे अपने जीवन में किसी की भी दखलंदाजी पसंद नहीं है. उन के लिए उन का परिवार, उन के बच्चे व पति हैं. बेटी ही बहू बनती है. आज बेटियों को पालनेपोषने का तरीका बहुत बदल गया है. लड़कियां आज विवाह, ससुराल, साससुसुर के बारे में अधिक नहीं सोचतीं. उन के लिए उन का कैरियर, खुद के विचार व व्यक्तित्व प्राथमिकता में रहते हैं. सास की पारंपरिक सामाजिक तसवीर बेहद नैगेटिव है. समाजशास्त्री रितु सारस्वत के अनुसार, सास की इमेज के प्रति ये ऐसे जमे हुए विचार हैं, जो इतनी आसानी से मिटाए नहीं जा सकते.

आज की शिक्षित सास ने बहू के रूप में एक पारंपरिक सास को निभाया है. बहुत कुछ अच्छाबुरा झेला है. बड़ेबड़े परिवार निभाए हैं. नौकरी करते हुए या बिना नौकरी किए ढेर सारा काम किया है. बहुत अदबकायदे में रही है. लेकिन एक ही जैनरेशन में सास और बहू की स्थिति में इतना फर्क आ गया. बहू का रूप इतना बदल गया कि खुद को बहुत बदलने के बावजूद सास के लिए बहू का यह नया रूप आत्मसात करना आसान नहीं हो रहा है, जिस के कारण न चाहते हुए भी दोनों के रिश्ते तनावपूर्ण हो जाते हैं. सासबहू के तनावपूर्ण रिश्ते का सब से बड़ा कारण है– सास में 'पावर इनसिक्युरिटी' का होना. सास बेटे की शादी होने के बाद इस चिंता में पड़ जाती है कि कहीं मेहनत से तैयार किया हुआ उन का बसाबसाया साम्राज्य छिन न जाए. जो सासें इस इनसिक्युरिटी के भाव से ग्रस्त रहती हैं, उन के अपनी बहू से रिश्ते अधिकतर खराब रहते हैं क्योंकि बहू उन के इस भाव को पोषित नहीं करती. लेकिन जिन मांओं ने इस पर विजय पा ली, उन के संबंध अपनी बहू से सहज व खुशहाल रहते हैं. अकसर सास को बहू से एक अच्छी बहू न होने की शिकायत रहती है. वैस्ट वर्जीनिया की डाक्टर क्रिस्टी ने बहुओं के नजरिए से किए गए अपने अध्यन में पाया कि बहू को बहुत अच्छा लगता है जब सास उसे बेटी कहती है और मां सा बरताव करती है, जब सास बहू को अपने घर का हिस्सा समझ कर, पति से उस के रिश्ता मजबूत करने में सहयोग करती है।

# घर पर बनाएं हैल्दी सोया हांडी, नोट करें ये रेसिपी



**सर्दी** में कुछ नया और टेस्टी खाना बनाने और खाने का मजा ही कुछ और है ऐसे में ज़रुरी है कि हम घर में कुछ आसान और जल्दी पकानें वाला खाना बनाएं, तो ऐसे में रेडी है मसाला सोया हांडी. जिसे आप इन तरीकों कोअपनाकर पका सकते है.और घरवालों को सर्व करें.

### सामग्री

–2 कप सोया चंक्स भिगोया
–1 कप ब्रैडक्रंब्स
–1/2 इंच टुकड़ा अदरक कटा,
–1 छोटा चम्मच लहसुन कटा,
–1 छोटा चम्मच लालमिर्च पाउडर,
–1 चुटकी चाटमसाला,
–1 छोटा चम्मच हरीमिर्च पेस्ट,
–1 बड़ा चम्मच कौर्नफ्लोर,
–पर्याप्त तेल,
–100 ग्राम भुना मसाला,
–1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर,
–1 छोटा चम्मच जीरा पाउडर,
–11/2 बड़े चम्मच ब्राउन शुगर,
–2 बड़े चम्मच इमली का पेस्ट,
–नमक स्वादानुसार.

### विधि

–सोया चंक्स को छोटे टुकड़ों में काट लें. फिर इन में ब्रैडक्रंब्स, अदरक, लहसुन, आधा लालमिर्च पाउडर, चाटमसाला, हरीमिर्च पेस्ट, नमक और 2 बड़े चम्मच पानी मिला कर मिक्सर में पेस्ट बनाएं. इसे एक बरतन में डाल कर कौर्नफ्लोर मिलाएं.

–फिर इस मिश्रण को बराबर भागों में बांट कर ओवल शेप दें और एक आइसक्रीम स्टिक से बांध दें. फिर पैन में तेल गरम कर चारों तरफ से सुनहरा होने तक पकाएं. फिर पेपर पर सुखाएं.

–फिर उसी पैन में भुना मसाला मिलाएं. बचा लालमिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, ब्राउन शुगर व इमली का पेस्ट मिला कर 2–3 मिनट पकाएं.

–फिर 1 कप पानी व नमक मिलाएं और मसाला गाढ़ा होने तक पकाएं. सोयाचाप को आइसक्रीम स्टिक से निकाल कर टुकड़ों में काट कर ग्रेवी में डाल कर थोड़ी देर पकाएं. सर्विंग प्लेट में डाल कर गरमगरम सर्व करें।

# राजेंद्र भांबू के भाई के निधन पर शोकसभा में पहुंचे प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों ने जताई संवेदना



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के भाई जोगेंद्र भांबू के निधन पर आयोजित शोकसभा में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत गुरुवार को भांबू के पैतृक गांव नरनौद पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। शोकसभा में कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, संसदीय कार्य एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल, नवलगढ़ विधायक विक्रम जाखल, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, नोखा विधायक सुशीला डूडी, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन रणदीप धनखड़, पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया और पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को संबल प्रदान करने की बात कही। इससे पहले बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी भी नरनौद पहुंचे और विधायक राजेंद्र भांबू से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके अलावा पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, पिलानी विधायक पितराम काला, डीडवाना विधायक एवं पूर्व मंत्री युनूस खान, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि तथा जिला कलेक्टर अरुण गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी फोन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बुहाना से मंदबुद्धि युवक लापता, परिजनों ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी रिपोर्ट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**



कस्बा बुहाना निवासी एक युवक के घर से बिना बताए लापता हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी तलाश के बाद थाना बुहाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर ऑनलाइन सीसीटीएनएस पर एमपीआर जनरेट कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार परिवादी सुरेन्द्र पुत्र हवासिंह निवासी बुहाना ने थाना बुहाना में रिपोर्ट पेश कर बताया कि उनके चाचा का लड़का बिजेन्द्र पुत्र अमरसिंह निवासी बुहाना मंदबुद्धि है तथा उसका इलाज जयपुर से चल रहा है। बिजेन्द्र 17 मई 2026 की रात करीब 1 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। परिजनों के अनुसार बिजेन्द्र के लापता होने के बाद उसकी तलाश आस-पड़ोस, रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। काफी प्रयासों के बाद भी युवक का सुराग नहीं लगने पर परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। रिपोर्ट में बिजेन्द्र का हुलिया बताते हुए कहा गया है कि उसकी लंबाई करीब 5 फीट 5 इंच है। रंग सांवला है तथा शरीर से दुबला-पतला है। घर से जाते समय उसने लाल टी-शर्ट और कैफरी पहन रखी थी।

थाना बुहाना पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामला गुमशुदा इंसान से संबंधित पाए जाने पर ऑनलाइन सीसीटीएनएस पर एमपीआर जनरेट की गई है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल रामपाल नंबर 2623 को सौंपी गई है। ऑनलाइन प्राप्त होने वाले एमपीआर क्रमांक को अलग से अंकित किया जाएगा तथा नियमानुसार एमपीआर की प्रतियां जारी की जा रही हैं।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त हुलिए का युवक कहीं दिखाई दे या उसके संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत थाना बुहाना या परिजनों को सूचित करें, ताकि लापता युवक को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद किया जा सके।

# शाकंभरी माता मंदिर पहुंचे सांसद सीपी जोशी

## शाकंभरी माता के मंदिर में लगाई धोक, देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा ।** चित्तौड़गढ़ सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी रविवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ शाकंभरी माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर आगे बढ़ने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन का हमेशा सम्मान किया जाता है। आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं और उनकी मेहनत का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सांसद जोशी ने पश्चिम बंगाल चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ काम किया। राजस्थान से गए कार्यकर्ताओं एवं प्रवासी राजस्थानियों ने भी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे पार्टी नेतृत्व काफी संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा कार्यकर्ताओं की ताकत से ही मजबूत बना हुआ है।



शाकंभरी माता मंदिर में सांसद सीपी जोशी ने पंडित अंकित शर्मा के आचार्यत्व में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने स्वास्तिक बनाकर माता के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की।

मंदिर परिसर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, दांतारामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत, निवर्तमान उपजिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व चेयरमैन मधुसूदन भिंडा, बाबूसिंह बाजौर, जिला परिषद सदस्य कानाराम जाट, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता चौधरी, राजकुमार जोशी, संजय सैनी सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झड़ाया बजरंग धाम आश्रम से ढाणी भुराला तक निकली विशाल ऐतिहासिक शोभायात्रा

## शोभायात्रा के दौरान संतो महंतो का पुष्प वर्षा के साथ हुआ जोरदार स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**



**सुमेर मीणा ।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया नगर में स्थित ढाणी भुराला मैं श्री श्री 1008 श्री दादू दयाल महाराज की सवामणी व पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया द्य ढाणी के भगवान राम, साधुराम, हरचंद राम रावत , हेमराज ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को हवन व महा आरती का आयोजन किया गया द्य उसके तत्पश्चात पंगत प्रसादी का आयोजन किया हुआ द्य संतो के प्रवचन भी हुए द्य ढाणी के भगवान राम, साधुराम, हरचंद राम रावत ने बताया कि गुरुवार को ही झड़ाया बजरंग धाम आश्रम से परम पूज्य श्रीमद् दादू पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य पर्वर ओमप्रकाश दास महाराज श्री दादू धाम नरेना धाम के सानिध्य में श्रीमद् जगतगुरु बाहुबली द्वारा आचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज दाऊ धाम काला कोटा, धनावता धाम के सावताराम महाराज, झड़ाया बजरंग धाम आश्रम के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास महाराज , सटिडा धाम के भोला दास जी महाराज , रामस्वरूप दास जी महाराज सहित कई संतों के सानिध्य में झड़ाया बजरंग धाम आश्रम से विशाल ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया द्य द्य यज्ञ सेवा समिति के मीडिया प्रभारी अशोक जांगिड़ के अनुसार इस दौरान उदयपुरवाटी भाजपा के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी भी मौजूद रहे द्य इस दौरान हजारों के तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# चिड़ावा में सजेगा फुटबॉल का महाकुंभ: जीवानी इंटरनेशनल स्कूल में कल से शुरू होगा 'सीबीएसई प्री सुब्रतो कप 2026'

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) की ओर से आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 'सीबीएसई प्री सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 (वेस्ट ज़ोन)' का रोमांच इस बार चिड़ावा में देखने को मिलेगा। खेतड़ी रोड स्थित जीवानी इंटरनेशनल स्कूल को इस बड़े खेल आयोजन की मेज़बानी का गौरव मिला है। यह पांच दिवसीय प्रतियोगिता 23 मई से 27 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों की दिग्गज टीमें मैदान पर अपना दम-खम दिखाएंगी।

टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन समारोह 23 मई को सुबह 09:00 बजे स्कूल परिसर में होगा। इस दौरान शिक्षा जगत के प्रतिनिधि, खेल प्रेमी और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग के बालक व बालिका वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। जीवानी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन सांवरमल मील ने इस बड़े आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि: 'सीबीएसई प्री सुब्रतो कप जैसे राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते, बल्कि टीम भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और लीडरशिप क्वालिटीज को भी विकसित करते हैं। विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व की बात है कि हमें इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेज़बानी का अवसर मिला। हम तीन राज्यों से आ रहे सभी युवा खिलाड़ियों का राजस्थान की पावन धरती पर स्वागत करते हैं और उनके बेहतरीन प्रदर्शन की कामना करते हैं। ' स्कूल प्रशासन के अनुसार, बाहर से आने वाली टीमों के ठहरने, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल मैदान सहित तमाम व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों और आमजन से अपील की है कि वे मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं और इस खेल उत्सव का गवाह बनें।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाँटी मैलोडी टॉफ़ी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



**अरुण मूंड ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झुंझुनू शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में एक प्रतीकात्मक जन-कार्यक्रम आयोजित करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी को दी गई 'मेलोडी' चॉकलेट टॉफी से जुड़े विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। कार्यक्रम शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मेलोडी चॉकलेट खिलाकर और बांटकर प्रतीकात्मक रूप से शालीन राजनीति और राष्ट्रीय सम्मान की भावना को समर्थन दिया। इस अवसर पर बोलते हुए कमलकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विदेशी नेताओं के साथ भारत की संस्कृति और मित्रता को राष्ट्रीय गर्व के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि कुछ विपक्षी नेता इसे तुच्छ ढंग से उठाकर राष्ट्रीय छवि को खराब करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'मेलोडी टॉफी' पर की गई टिप्पणी को निराधार और अपमानजनक बताते हुए कहा कि भाजपा इस तरह की भड़काऊ भाषा का विरोध करती है।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, मंजू चौहान, राकेश सहल सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राष्ट्रीय सम्मान, विदेश नीति में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भारतीय उत्पादों के वैश्विक स्वागत का समर्थन करने का संकल्प व्यक्त किया तथा यह भी संदेश दिया कि मीडिया इस तरह के मुद्दों को जिम्मेदाराना ढंग से प्रस्तुत करे। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष राकेश सहल, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सावित्री सैनी, मंजू चौहान, ममता शर्मा, पार्षद विजय कुमार सैनी, रवि शुक्ला,गौ रक्षा दल ज़िलाध्यक्ष प्रवीण स्वामी, पूर्व महामंत्री पंकज टेलर, ज्योति प्रकाश शर्मा, शहर महामंत्री ताराचंद सैनी, विजेंद्र हटवाल , मण्डल उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, विनोद जांगिड़, विनोद चौहान,श्री राम सैनी, महेन्द्र सोनी, गणेश सोनी, अनिल जोशी, अनिल सैनी, बिहारीलाल सैनी, महेन्द्र सैनी, सुनील सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# राजस्थान भवन में गांव की आवाज बने अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



मंड्रेला गांव में मूलभूत सुविधाओं व गंभीर समस्याओं को लेकर लगातार प्रयास जारी हैं । इसी क्रम में अमित सूरा जिला कलेक्टर चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन सूरा ने दिल्ली स्थित राजस्थान भवन में नागरीय विकास और स्वायत्तता मंत्री झाबर सिंह से शिष्टाचार भेंट कर गांव की मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की । मंत्री ने? पूरे विषय को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि समस्याओं पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ विचार कर उचित समाधान की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# खाद्य सुरक्षा का रास्ता फिर खुला, अब पात्र परिवारों को नहीं काटनी पड़ेगी दफ्तरों की धूल

## बंद पड़ा पोर्टल दोबारा शुरू, जिला कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश– 'पात्र व्यक्ति वंचित रहा तो तय होगी जवाबदेही।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** लंबे इंतजार और लगातार उठ रही जन शिकायतों के बीच आखिरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोड़ने का रास्ता फिर से खुल गया है। पूर्व में बंद पड़ा खाद्य सुरक्षा पोर्टल अब पुनः चालू कर दिया गया है, जिससे हजारों जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। जिला कलक्टर ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जिला रसद अधिकारी एवं संबंधित उपखंड अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और साफ शब्दों में निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए। जिला रसद अधिकारी ने बैठक में जानकारी दी कि तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से पूर्व में बंद किया गया पोर्टल अब दोबारा सक्रिय हो चुका है तथा पात्र नागरिक नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पर जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह बनाया जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति योजना के लिए अपात्र पाया जाता है तो उसे स्पष्ट कारणों सहित अवगत कराया जाए, ताकि भ्रम और विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने को लेकर लोगों में असंतोष देखा जा रहा था। कई परिवार ऐसे थे जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद पोर्टल बंद होने के कारण आवेदन तक नहीं कर पा रहे थे। अब पोर्टल शुरू होने के बाद उम्मीद जगी है कि पात्र परिवारों को समय पर सस्ता राशन और सरकारी राहत का लाभ मिल सकेगा। प्रशासनिक स्तर पर भी इस बार प्रक्रिया को लेकर सख्ती दिखाई गई है। 'भूख और अधिकार के बीच सिस्टम दीवार नहीं बन सकता ', इसी संदेश के साथ जिला प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अब पात्र हितग्राहियों के मामलों में लापरवाही या अनावश्यक देरी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जा सकती है।

# गोयनका महिला महाविद्यालय में स्काउट गाइड के तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान के तत्वावधान में मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि व कौशल विकास शिविर 18 मई से प्रारंभ हुआ जो 30 जून तक जारी रहेगा। यह जानकारी देते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ अर्चना शर्मा ने बताया कि शिविर में कंप्यूटर विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वीडियो एडिटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, इंग्लिश स्पोकन, नृत्य, संगीत, सिलाई फैशन डिजाइनिंग, मेहंदी, ब्यूटीशियन, पेंटिंग, कुकिंग इलेक्ट्रीशियन, कबाड़ से जुगाड़ (आंतरिक साज-सज्जा ) एवं योग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में महिला, पुरुष, बालक, बालिकाएं आदि सभी भाग ले सकते हैं। उम्र या शिक्षा की कोई बाध्यता नहीं है। कोई भी व्यक्ति दो विषय का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है जो कि पूर्णतया निःशुल्क है। प्रशिक्षण लेने वाले सभी व्यक्तियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 तक रहेगा।

# भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में लक्ष्मणगढ़ में पीने के पानी की सप्लाई की जानकारी लेने एसडीएम उतरे फिल्ड में

## घर घर जाकर उपभोक्ताओं से ली जानकारी, पाइप लाइन लिकेज को करवाया दुरस्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में एसी में बैठने की बजाय लक्ष्मनगढ के उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने शहर की जनता के लिए पीने के पानी की सप्लाई का माकूल इंतजाम करने के लिए जलदाय विभाग व नगरपालिका के अधिकारियों को साथ लेकर घर घर जाकर उपभोक्ताओं से जानकारी ले रहे हैं तथा जहां भी शिकायत मिली या सप्लाई व्यवस्था में कमी नजर आई तुरंत अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी ने आमजन के पीने के पानी के लिए किसी तरह की दिक्कत व परेशानी ना हो इसके लिए पाइप लाइन लिकेज की व्यवस्था को भी ठीक करवाने मौके पर पहुंचे तथा लिकेज ठीक करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी के साथ जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार, सहायक अभियंता मनीष मील, नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमावत,स्टाफ सदस्य राजपाल सिंह, दिनेश कुमार, सुरेंद्र कुमार के साथ वार्डों में निकलें तथा पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी ने वार्ड संख्या 35 में वहां के निवासी उपकोषअधिकारी सज्जन कुमार सैनी पूर्व चेयरमैन महावीर सैनी सहित मौहल्ले के लोगों से भी जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि दो रोज पूर्व ही लक्ष्मनगढ समाचार ग्रुप समूह ने शहर में पीने के पानी की समस्या की सूचना वायर की तथा जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी उपखण्ड अधिकारी व नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी से मुलाकात कर पानी बिजली सहित अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की थी।



# विश्व हिंदी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात, भारतीय भाषा सम्मेलन की स्वीकृति के लिए दिया पत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से स्वैच्छिक संस्था के रूप में अधिकृत विश्व हिंदी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजस्थान लोक भवन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने परिषद की ओर से राजस्थान लोक भवन में भारतीय भाषा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित करने की स्वीकृति के लिए राज्यपाल को पत्र सौंपा। परिषद की राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं लक्ष्मणगढ़ निवासी कुमार लखोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. विपिन कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। इस दौरान राज्यपाल को दिए गए पत्र में बताया गया कि विश्व हिंदी परिषद भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं राष्ट्रीय एकता में उनकी भूमिका को केंद्र में रखते हुए भारतीय भाषा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित करना चाहती है। पत्र में उल्लेख किया गया कि सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं की समृद्ध परंपरा, साहित्यिक योगदान, सांस्कृतिक चेतना एवं समकालीन प्रासंगिकता पर गंभीर विचार-विमर्श करना है। इस सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित साहित्यकार, शिक्षाविद्, शोधार्थी, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाषा प्रेमी सहभागिता करेंगे।

कार्यक्रम में भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्वानों एवं साहित्यकारों को सम्मानित किया जाना भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर परिषद की राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य कुमार लखोटिया ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को पत्र भेंट किया तथा दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।

# मधुवन वाटिका का लोकार्पण समारोह 26 मई को, कैबिनेट मंत्री कुमावत को दिया निमंत्रण पत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



विश्व की प्रमुख आस्था का केंद्र खाटूश्यामजी में मंदिर से कुछेक कदम दूरी पर आभावास रोड़ पर करीब 12 एकड़ जमीन में विकसित व स्थापित मधुवन वाटिका के 26 मई को शाम 5 बजे होने वाले लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्वीकृति के लिए वाटिका के मुख्य संरक्षक भाजपा राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक लक्षमनगढ निवासी श्री कुमार लखोटिया ने गुरुवार को राजस्थान सरकार के पशुपालन, डेयरी,गोपालन व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत से जयपुर स्थित सचिवालय में सरकारी आफिस में मुलाकात कर निमंत्रण पत्र दिया तथा लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री कुमावत से मुलाकात के दौरान लखोटिया ने बताया कि 12 एकड़ अविकसित भूखण्ड को विकसित करते हुए पर्यावरण के सभी मापदण्डों को दृष्टिगत रखते हुए जल, सेवा जमीन, जलवायु तथा धुंआ,धूल एवं ध्वनि इन सभी का ध्यान रखते हुए मधुवन वाटिका का विकास संभव हुआ है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि मधुवन वाटिका पूर्ण रूप से जैविक प्रणाली पर आधारित है। तथा वाटिका में दुर्लभ प्रजातियों के सजावटी, औषधीय, दिव्य एवं सदाबहार व अनेक प्रकार के फलों के पौधे लगाकर विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि मधुवन वाटिका का उद्देश्य केवल श्याम बाबा के मंदिर के लिए संपूर्ण पैदावार से बाबा का प्रातः एवं संध्या का श्रृंगार,भोग के सेवा प्रयास का है । उन्होंने बताया कि मधुवन में ही शुद्ध रूप से तैयार किया गया गुलाब जल,मोरिंगा पाउडर, तुलसी पाउडर, पुदीना पाउडर, लेमन ग्रास उपलब्ध है साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर 3 छोटी गाय भी रखी गई है। उन्होंने बताया कि मधुवन वाटिका का लोकार्पण 26 मई को शाम 5 बजे तथा शाम 6.31 पर ज्योत प्रज्जवलन एवं कीर्तन होगा। कार्यक्रम में करीब 5 हजार श्याम प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है।

# बिजली चोरों पर विभाग का 'करंट वार', मंडावर में ताबड़तोड़ छापों से मचा हड़कंप, 6 उपभोक्ताओं पर डेढ़ लाख की कार्रवाई

## 'जो तारों से खेलेंगे, कानून की धार में घिरेंगे... अब बिजली चोरी पर विभाग का शिकंजा और सख्त होगा '

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर आम उपभोक्ता दिन-रात बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की मार झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर चोरी की बिजली से सिस्टम पर बढ़ते बोझ को लेकर विद्युत विभाग अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मंडावर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को विद्युत विभाग की स्पेशल टीम ने ऐसा सख्त अभियान चलाया कि अवैध कनेक्शनों और हुकिंग से बिजली खींचने वालों में हड़कंप मच गया। विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 6 उपभोक्ताओं को सीधे बिजली चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा और उनके खिलाफ वीसीआर भरते हुए करीब 1 लाख 50 हजार रुपए का भारी जुर्माना ठोक दिया। कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में चर्चा रही कि अब विभाग बिजली चोरों पर 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत




शिकंजा कसने जा रहा है। मंडावर सहायक अभियंता महेश चंद गुप्ता के निर्देशन तथा कनिष्ठ अभियंता हरेंद्र जाटव के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सबसे पहले मंडावर के भूड़ा मोड़ क्षेत्र में छापा मारकर एक उपभोक्ता को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा। इसके बाद कार्रवाई का दायरा बढ़ाते हुए टीम ने मंडावर, गढ़हिम्मतसिंह और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार दबिश दी, जहां पांच अन्य उपभोक्ता भी विद्युत चोरी करते मिले। विभागीय टीम ने मौके पर ही विद्युत चोरी निरोधक रिपोर्ट तैयार कर नियमानुसार जुर्माना निर्धारित किया। कार्रवाई के दौरान मनोज बैरवा, जितेंद्र, प्रेम सहित विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार कई स्थानों पर मीटर बायपास, डायरेक्ट लाइन और अवैध कनेक्शन के जरिए बिजली उपयोग की शिकायतें लगातार विभाग तक पहुंच रही थीं। बढ़ती गर्मी में ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड, बार-बार फॉल्ट और लाइन ट्रिपिंग की बड़ी वजह बिजली चोरी को माना जा रहा है। विभाग का कहना है कि कुछ लोगों की अवैध हरकतों का खामियाजा ईमानदार उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है, जिससे गांवों और कस्बों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा जाती है। इसी के चलते अब विशेष अभियान चलाकर ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तेज कर दी गई है। एईएन महेश चंद गुप्ता ने साफ चेतावनी दी कि बिजली चोरी केवल विभागीय नुकसान नहीं बल्कि विद्युत अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है और दोषियों के खिलाफ जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं अवैध कनेक्शन, हुकिंग या मीटर से छेड़छाड़ दिखाई दे तो उसकी सूचना विभाग को दें, ताकि विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाया जा सके।

**मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में रेडक्रॉस की सराहनीय पहल**

# रेडक्रॉस सोसायटी को मिली नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस, सीटीएम गौरव गुप्ता ने दिखाई झंडी

## रेडक्रॉस संस्था मानवता की सेवा के लिए समर्पित : सीटीएम गौरव गुप्ता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**




जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने मानव सेवा एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के सहयोग से जिले को एक नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई गई है, जो अब जनहित एवं राहत कार्यों के लिए सेवाएं प्रदान करेगी। नई एम्बुलेंस को सीटीएम गौरव गुप्ता ने लघु सचिवालय परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि रेडक्रॉस संस्था हमेशा से मानवता की सेवा के लिए समर्पित रही है। नई एम्बुलेंस के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं, आपदा प्रबंधन एवं गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। सीटीएम ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहायता उपलब्ध करवाना है। नई एम्बुलेंस के जुडऩे से रेडक्रॉस की आपातकालीन सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी। इसके अलावा जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को भी आवश्यकता पडऩे पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहायता मिलेगी। सीटीएम ने इस पहल को मानवता, सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव रवि हुड्डा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गवर्मेंट आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव कन्हड़ी में बोर्ड टॉपर्स सम्मान समारोह आयोजित

## खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश सेवदा ने किया होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

गवर्मेंट आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कन्हड़ी में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी टोहाना जगदीश सेवदा ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक मुकेश इंदौरा ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जगदीश सेवदा ने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों की सफलता के लिए की गई कड़ी मेहनत और समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की।प्राध्यापक मुकेश इंदौरा ने विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि दसवीं




कक्षा में प्रथम स्थान पर सुखमनजीत कौर सुपुत्री श्री कश्मीर सिंह ने 481 अंक (96.2') प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर प्रीत कौर सुपुत्री श्री रामपाल ने 480 अंक (96') हासिल किए, जबकि तृतीय स्थान पर अमित सुपुत्र श्री गुरदीप ने 468 अंक (93.6') प्राप्त किए।

कला संकाय में कंचन सुपुत्री श्री वृष भान ने 485 अंक (97') प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर रोबिन नैन सुपुत्र श्री सतीश कुमार ने 449 अंक (89.8') तथा तृतीय स्थान पर भावना सुपुत्री श्री सूरजभान ने 448 अंक (89.6') प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में महक सुपुत्री श्री सतीश कुमार ने 482 अंक (96.4') प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महक सुपुत्री श्री अमरजीत सिंह ने 470 अंक (94') के साथ द्वितीय तथा नवदीप कौर सुपुत्री श्री इंदरजीत सिंह ने 450 अंक (90') के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में ख्वाहिश सुपुत्री श्री सुरेंद्र ने 478 अंक (95.6') प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर चाहत सुपुत्री श्री गुरमेल सिंह एवं मोनिका सुपुत्री श्री राममेहेर ने 467 अंक (93.4') प्राप्त किए। संयुक्त तृतीय स्थान पर एकता, प्रीती एवं तमन्ना ने 445 अंक (89') प्राप्त किए। विद्यालय के ओवरऑल टॉपर्स में कंचन ने 485 अंक (97') प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। महक 482 अंक (96.4') के साथ द्वितीय तथा ख्वाहिश 478 अंक (95.6') के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि और आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन डॉ. चमन लाल ने किया। इस अवसर पर सज्जन सिंह, सतबीर सिंह, किरणपाल कौर, मालती प्रजापति, संजीव कुमार, सुखविंदर, बलदेव, डीपीई सुनील, सुधीर, कलवंत, सोनिया, नेहा सहित समस्त आरोही परिवार, विद्यार्थियों के अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**डॉ जय भगवान शर्मा की हरियाणवी कृति सकुंतला का लोकार्पण**

# डीआईपीआरओ फ़तेहाबाद के पिता डा. जय भगवान शर्मा की अनेक पुस्तकें हो चुकी प्रकाशित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** संस्कृत हिंदी एवं हरियाणवी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर जय भगवान शर्मा की हरियाणवी कृति सकुंतला का लोकार्पण हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री ,सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक नीरज कुमार एवं अकादमी के सदस्य सचिव मनजीत सिंह द्वारा अकादमी भवन पंचकूला में किया गया। गौरतलब है कि डा. जयभगवान शर्मा फतेहाबाद के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार के पिता हैं और वे शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी रहे है। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि यह कृति संस्कृत साहित्य को हरियाणवी भाषा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने में सहायक सिद्ध होगी। हरियाणवी भाषा में किए गए भाव अनुवाद की गुणवत्ता की उन्होंने विशेष सराहना की। डॉ जय भगवान शर्मा ने बताया कि संस्कृत के अभिज्ञान शाकुंतलम नाटक के हरियाणवी भाषा में भावानुवाद करने में में उन्हें लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा। उन्होंने बताया कि दैनिक बोलचाल की हरियाणवी भाषा में प्रयुक्त होने वाले ऐसे शब्द जो अब प्रचलन से बाहर हो गए हैं उन्हें इस अनुवाद में पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है। खास बात यह है कि इस भावानुवाद में हरियाणवी परिवेश और बोलचाल की भाषा का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि नाटक को समझना और उसका मंचन करना आसान हो सके। पुस्तक में हरियाणवी भाषा के कई पुराने और क्षेत्रीय शब्दों को भी शामिल किया गया है, जो अब धीरे-धीरे बोलचाल से कम होते जा रहे हैं। इस अवसर डॉ बिजेंदर, नरेश कुमार व रमन हारित सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मंडावर थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरों का कहर, पोल से उतार ले गए 25 केवी ट्रांसफार्मर, तांबा-तेल निकाल श्मशान में फेंका खोल

## भीषण गर्मी में पूरी बस्ती अंधेरे में डूबी, ग्रामीणों में रोष।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** शहर के ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार रात बिजली विभाग की संपत्ति पर हाथ साफ कर अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए पूरे इलाके को अंधेरे में झोंक दिया। मंडावर थाना क्षेत्र में पूर्व सरपंच महेंद्र मीणा के मकान के पास विद्युत पोल पर लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर अज्ञात बदमाश रात के अंधेरे में पोल से नीचे उतार ले गए और उसके भीतर मौजूद कीमती तांबा व तेल निकालकर ट्रांसफार्मर का खाली ढांचा पास स्थित श्मशान घाट के समीप फेंककर फरार हो गए। गुरुवार सुबह घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया तथा मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के अनुसार देर रात करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच चोरों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। बदमाश पहले



ट्रांसफार्मर को पोल से नीचे उतारकर सुनसान स्थान तक ले गए, जहां उसका कवर खोलकर अंदर का तांबा और तेल निकाल लिया गया। सुबह जब ग्रामीणों ने पोल पर ट्रांसफार्मर का ढक्कन लटका देखा और पास श्मशान घाट में



उसका खाली डिब्बा पड़ा मिला तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना ग्रामीण रोहिताश बागड़ी ने विद्युत विभाग मंडावर के लाइनमैन मोहनलाल मीणा निवासी हिंगोटा को दी, जिसके बाद उक्त कर्मचारी मौके पर पहुंचा। वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय मंडावर पुलिस को भी सूचना दी, जिस पर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर मौका-मुआयना किया और घटनास्थल का निरीक्षण कर वापस लौट गई। मौके पर पहुंचे लाइनमैन मोहनलाल मीणा को ग्रामीणों ने सहायक अभियंता के नाम शिकायत सौंपते हुए शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की, ताकि लोगों को गर्मी और बिजली संकट से राहत मिल सके। वहीं ग्रामीणों और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं, जिससे चोरों की पहचान हो सके। उक्त चोरी के मामले को लेकर विद्युत विभाग मंडावर के कनिष्ठ अभियंता हरेन्द्र जाटव ने मंडावर पुलिस थाने में रिपोर्ट सौंप दी है। वहीं उक्त घटना ने ग्रामीण क्षेत्र में कानून व्यवस्था और बिजली विभाग की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के दौरान मौके पर सुबहसिंह बागड़ी, टीकाराम उर्फ रामू बागड़ी, बिजेन्द्रसिंह मीणा, रामकिशन मीणा, बच्चूसिंह गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# बरसाती मौसम से पहले बाढ़ राहत से जुड़े सभी कार्य पूरे करें: डीसी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए बाढ़ राहत, जल निकासी तथा जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य समय रहते पूरे कर लिए जाएं ताकि मानसून के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह निर्देश डीसी डा. विवेक भारती ने अपने कार्यालय में बाढ़ राहत प्रबंधन और जल जीवन मिशन से जुड़े पहलुओं की समीक्षा संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए।

**डीसी डॉ. विवेक भारती ने जल शक्ति अभियान एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

डीसी ने कहा कि सभी नहरों, माइनर व ड्रेन की सफाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीसी डॉ. भारती ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आगामी मानसून से पूर्व सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ जिला परिषद और सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव और पंचायत स्तर पर जल संरक्षण ढांचे विकसित किए जाएं तथा उनकी प्रगति रिपोर्ट तुरंत पोर्टल पर अपलोड की जाए। नगर निकाय विभाग के अधिकारियों को शहर में उपयुक्त स्थानों की पहचान कर वहां वर्षा जल संरक्षण संरचनाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय कार्यालयों तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं में जल संरक्षण ढांचे अनिवार्य रूप से तैयार किए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने और विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए जल शपथ कार्यक्रम आयोजित करवाने के निर्देश दिए। वहीं वन विभाग को निर्माणाधीन क्षेत्रों में जल संरक्षण ढांचे विकसित करने तथा लोक निर्माण विभाग को सभी सरकारी कार्यालय परिसरों में जल संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि जल शक्ति अभियान एवं जल जीवन मिशन भावी पीढियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण अभियान हैं और इनके प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के भू-जल स्तर में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना समय की आवश्यकता है। तालाबों की सफाई, वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य मानसून से पहले पूरे किए जाएं ताकि अधिक से अधिक वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सुचारू रूप से संचालित किए जाएं तथा जहां आवश्यकता हो वहां नए सिस्टम स्थापित किए जाएं। डीसी ने कहा कि जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक विभाग अपनी प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। बैठक में एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार, डीएमसी प्रवीण कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्यामलाल, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार व एक्सईएन पीडब्लूडी राहुल चहल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सुरक्षा टीम ने आई.जी. कॉलेज टोहाना में छात्राओं को किया जागरूक अभियान के तहत जागरूक

## कॉलेज परिसर में विभिन्न समूहों के बीच जाकर दी महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं 112 ऐप की जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के कुशल नेतृत्व में आज आई.जी. कॉलेज टोहाना में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान टीम ने कॉलेज परिसर में अलग-अलग स्थानों पर मौजूद छात्राओं के समूहों के बीच जाकर उन्हें सीधे संवाद के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी



आपराधिक स्थिति में सतर्क रहकर तुरंत उचित कदम उठा सकें। निरीक्षक मंजू सिंह ने छात्राओं को बताया कि छेड़छाड़, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा जैसी घटनाओं की स्थिति में घबराने की बजाय तुरंत पुलिस सहायता लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई सूचना से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

उन्होंने छात्राओं को हरियाणा पुलिस की आपातकालीन सेवा 112 ऐप के बारे में जानकारी देते हुए इसके उपयोग की प्रक्रिया समझाई। टीम द्वारा कई छात्राओं के मोबाइल फोन में मौके पर ही 112 ऐप इंस्टॉल करवाया गया तथा इसके उपयोग के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में यह ऐप एक क्लिक पर पुलिस सहायता उपलब्ध करवाता है। इसके अतिरिक्त छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार तथा डिजिटल सतर्कता के संबंध में भी जागरूक किया गया। उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने एवं किसी भी समस्या में पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। निरीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा टीम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उन्हें जागरूक एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में निर्भय होकर आगे बढ़ सकें। कॉलेज प्रशासन ने इस अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

# फतेहाबाद पुलिस का ऑनलाइन सट्टा कारोबार पर बड़ा प्रहार, डेढ़ माह में दोगुने मामले दर्ज

## एसपी निकिता खट्टर के नेतृत्व में ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट बुकी और जुआ नेटवर्क पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट बुकी, जुआ और अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस ने बड़ा अभियान छेड़ते हुए अपराधियों पर सख्त शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के नेतृत्व में जिला पुलिस ने साइबर अपराधों और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए डेढ़ माह में पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने मामले दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा पदभार संभालने के बाद जिले में ऑनलाइन गैम्बलिंग, क्रिकेट बुकी और अवैध गेमिंग नेटवर्क के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत साइबर सेल, सीआईए और थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने तकनीकी निगरानी, साइबर ट्रैकिंग और गुप्त सूचनाओं के आधार पर लगातार छापेमारी कर कई नेटवर्क का पर्दाफाश किया है।आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 अप्रैल से 20 मई तक ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित कुल 3 अभियोग दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि के दौरान फतेहाबाद पुलिस ने दोगुनी कार्रवाई करते हुए कुल 6 अभियोग दर्ज किए हैं। पुलिस टीमों ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये मूल्य के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, रिकॉर्ड, बैंकिंग डिटेल



और सट्टेबाजी में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की है।

जुआ के मामलों में भी पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान जुआ से संबंधित केवल 2 अभियोग दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2026 में दोगुनी कार्रवाई करते हुए कुल 4 अभियोग दर्ज किए गए हैं। पुलिस की लगातार कार्रवाई से अवैध सट्टा कारोबार में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।फतेहाबाद पुलिस की सीआईए, साइबर सेल और थाना पुलिस की संयुक्त टीमें अवैध ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान कर रही हैं। कार्रवाई के दौरान सामने आया है कि कई संगठित नेटवर्क युवाओं को आसान कमाई का लालच देकर ऑनलाइन गेमिंग और क्रिकेट बुकी के जाल में फंसा रहे थे। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग और क्रिकेट बुकी केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती नहीं हैं, बल्कि समाज और युवाओं के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुके हैं। तेजी से पैसा कमाने के लालच में युवा अपनी मेहनत की कमाई गंवाकर मानसिक तनाव, आर्थिक संकट और आपराधिक गतिविधियों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस युवाओं को सुरक्षित और जागरूक वातावरण देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। एसपी निकिता खट्टर ने आमजन से अपील की कि अभिभावक अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर विशेष नजर रखें और उन्हें साइबर अपराधों तथा ऑनलाइन सट्टेबाजी के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, रोजगार और सकारात्मक कार्यों में लगाएं तथा किसी भी प्रकार के लालच में आकर अवैध गतिविधियों से दूर रहें।उन्होंने अपराधियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, क्रिकेट बुकी, जुआ और सट्टेबाजी के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साइबर सेल और विशेष पुलिस टीमें लगातार तकनीकी निगरानी कर रही हैं। अवैध नेटवर्क से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध कमाई, बैंक खातों, डिजिटल लेन-देन और संपत्तियों की भी गहन जांच की जा रही है। फतेहाबाद पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित, जागरूक और अपराध मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का साथ दें, ताकि युवाओं को बेहतर, सुरक्षित तथा नशा और साइबर अपराध मुक्त भविष्य प्रदान किया जा सके।

# महिला आरोपी हेरोइन सहित काबू: एएनसी सेल फतेहाबाद पुलिस की कार्रवाई

## महिला आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएग

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया।

**रजत विजय रंगा ।** एंटी नारकोटिक सेल (एएनसी) फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को हेरोइन सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। काबू की गई आरोपी की पहचान मिराना निवासी मनजीत कौर पत्नी जंगीर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.41 ग्राम हेरोइन तथा 6250 रुपये की नकदी बरामद की है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि पुलिस टीम नशीले पदार्थों की रोकथाम के तहत नया बस अड्डा रतिया के सामने मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मिराना निवासी मनजीत कौर अपने घर के बाहर खड़ी होकर हेरोइन बेचने का काम करती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए रेडिंग पार्टी गठित कर मौके पर दबिश दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को देखकर आरोपी घबराकर अपने घर के अंदर



जाने लगी, जिसे शक के आधार पर काबू किया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके हाथ में पकड़े पर्स से 8.41 ग्राम हेरोइन व 6250 रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस ने बरामद हेरोइन एवं नकदी को कब्जा पुलिस में ले लिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना सदर रतिया में अभियोग संख्या 117 दिनांक 20.05.2026 धारा 21(बी)/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जनता त्रस्त, मोदी सरकार विदेश दौरों में व्यस्त : खोवाल

## देश की अर्थव्यवस्था खतरे में, जनता का भरोसा टूट रहा है : एडवोकेट इंदल

भीम प्रज्ञा न्यूज.हिसार।

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल एवं स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई, कमजोर होती खपत, बेरोजगारी और गिरती आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज देश का आम नागरिक महंगे तेल, बढ़ती खाद्य कीमतों, रोजगार संकट और आर्थिक अस्थिरता से परेशान है जबकि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं से ध्यान हटाकर केवल प्रचार और विदेश दौरों में व्यस्त दिखाई दे रही है।दोनों नेताओं ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की असली ताकत आम जनता की खरीद क्षमता और घरेलू बाजार है लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई ने लोगों की जेब पर सीधा हमला किया है। गांवों से लेकर शहरों तक लोग रोजमर्रा की जरूरतों में कटौती करने को मजबूर हैं। एफएमसीजी सेक्टर में गिरती मांग इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जनता की आर्थिक हालत कमजोर हो रही है। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में विकास दर, रोजगार, छोटे उद्योग और व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा।एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आर्थिक भंवर में छोड़कर लगातार विदेश यात्राओं में व्यस्त हैं। जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है,किसान कमजोर मानसून की आशंका से चिंतित हैं, युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार के पास आमजन के लिए कोई



ठोस योजना दिखाई नहीं देती। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का फायदा केवल चुनिंदा उद्योगपतियों और सत्ता के करीबी लोगों को मिल रहा है। एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि एक तरफ देश का मध्यम वर्ग और गरीब परिवार महंगाई से टूट रहा है।आम जनता को बचत और त्याग की नसीहतें दी जा रही हैं जबकि सत्ता में बैठे लोग ऐशो-आराम और प्रचार में करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। इससे देशभर में जनता के भीतर भारी आक्रोश पनप रहा है।इंदल ने कहा कि लगातार बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दाम, गिरता रुपया, विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी और कमजोर मानसून की आशंका ने देश की आर्थिक स्थिति को और चिंताजनक बना दिया है। कांग्रेस पार्टी आमजन की आवाज बनकर इस मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी और जनता के हितों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने का काम करेगी।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम



भीम प्रज्ञा न्यूज

**सीकर ।** यहां श्रीगोविन्दम् में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। वासुदेव जी द्वारा कंस की कारागार से श्रीकृष्ण को नन्दगांव ले जाने की झांकी को देखने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस अवसर पर सीकर विकास मंच के अध्यक्ष पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़, महासचिव सुरेश अग्रवाल, सीकर व्यापार संघ के अध्यक्ष दयालसिंह राठौड़, प्रख्यात गौसेवक ओमप्रकाश कुमावत, श्रीलंकापुरी बालाजी धाम सेवक परिवार के राजकुमार पारीक आदि ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण की जन्मझांकी का स्वागत किया। महिलाओं ने मंगलगीत गाये व कथास्थल में मौजूद नरनारी नाचने लगे।

आमली रोड़ पर चल रही भागवत कथा में गुरुवार को श्रीलंकापुरी बालाजी धाम के पीठाधीश्वर नन्दकिशोर महाराज की ओर से शीतल पेय व प्रसाद वितरण किया गया। धाम के सेवक परिवार की ओर से राजकुमार पारीक इस अवसर पर मौजूद रहे। उधर सावत्री गार्डन में चल रही भागवत कथा में कथा वाचक अरविन्द महाराज कुंती व भीम स्तुति तथा राजा परीक्षित को मिले श्राप पर प्रवचन किया। कल धूर्व व भरत के चरित्र व अजामिल के प्रसंग पर प्रवचन होगा।

# एबी डिविलियर्स बने कबुनी के 'सुपर कोच'




भीम प्रज्ञा न्यूज

**मुंबई ।** एआई आधारित स्पोर्ट्स टेक प्लेटफॉर्म कबुनी ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी दे विलियर्स को अपना नया 'सुपर कोच' नियुक्त किया है। वह सौरव गांगुली और शेन वाटसन के साथ खिलाड़ियों को एआई आधारित क्रिकेट ट्रेनिंग देंगे। कंपनी का प्लेटफॉर्म खिलाड़ी की मूवमेंट और गेंद की गति को रियल टाइम में ट्रैक कर प्रदर्शन सुधारने के सुझाव देता है। जून से भारत में 12-16 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए एक राष्ट्रव्यापी टूर्नामेंट भी शुरू किया जाएगा।

# गंगा दशमी को 20 ब्राह्मण बटुकों का होगा यज्ञोपवीत संस्कार

## परकोटा गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर दिया गणेश निमंत्रण

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** श्री गोविन्द देव जी मंदिर आमेर रोड कनक घाटी राधा माधव जी मंदिर मे 25 मई को सामुहिक यज्ञोपवीत संस्कार गोविन्द देव जी महंत अंजन कुमार गोस्वामी एवं संत महंतो के सान्निध्य में विधिवत अभिजीत मूहूर्त में सम्पन्न होगा । आयोजन को लेकर आज गोविंद धाम मे सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने आयोजन के पोस्टर की विधिवत पूजा अर्चना की । चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में संत महंतो के सानिध्य में प्रथम पूज्य को निमंत्रण दिया मंदिर मंहत अमित शर्मा ने विधान पूर्वक पूजा संपन्न कराई । वेदाचार्य डा प्रशान्त शर्मा ने बताया गंगा दशमी के पावन पर्व पर 25 मई विद्वतजनों द्वारा ग्रह शांति कराई जाएगी अभिजीत मुहूर्त में संत महंतो एवं परिजनों द्वारा वैदिक पद्धतिद्य अनुसार यज्ञोपवीत धारण करवाई जाएगी । गणेश निमंत्रण के मौके पर सुदर्शनाचार्य महाराज ,पंचमुखी हनुमान मंदिर के रामरज दास त्यागी महाराज, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे संत महंत मौजूद रहे ।



# पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं मिलने पर 4 मैरिज गार्डन सीज



## नगर निगम का विशेष अभियान, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले पांच डेयरी बूथों पर भी कार्रवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** नगर निगम जयपुर द्वारा शहर में नियमों की पालना सुनिश्चित करने एवं आमजन को सुव्यवस्थित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार मानसरोवर जोन में विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले विवाह स्थलों एवं डेयरी बूथों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकांत कटारा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारी एवं राजस्व टीम ने सतर्कता शाखा के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न विवाह स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 4 विवाह स्थलों में नियमानुसार 25 प्रतिशत पार्किंग व्यवस्था नहीं पाए जाने पर चार मैरिज गार्डनों को सीज किया गया। विवाह स्थलों में स्वर्ण गार्डन (न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर), बालाजी पैलेस (सिरसी रोड, भांकरोटा), के.के. पैराडाईज (कीर्ति सागर, मांग्यावास, मानसरोवर) एवं उत्सव मैरिज गार्डन (पंचोली विहार विस्तार, नारायण विहार) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान पांच डेयरी बूथों पर तम्बाकू उत्पादों का विक्रय पाया गया, जिस पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में नियमों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। निगम का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना है, ताकि जयपुर को व्यवस्थित एवं अनुशासित शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

# गुरुद्वारा हीदा की मोरी में कल सजेगा विशेष कीर्तन दीवान

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सिख सभा में 22 मई को विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार सुच्चा सिंह ने बताया कि अमृतसर से भाई अमनदीप सिंह बीबी माता कौला वाले जयपुर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात 8 से 10 बजे तक आयोजित कीर्तन दीवान में भाई संदीप सिंह हजूरी रागी एवं भाई अमनदीप सिंह अपने मधुर कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। कार्यक्रम के बाद गुरु का अटूट लंगर भी वितरित किया जाएगा।

इसके साथ ही गुरुद्वारा हीदा की मोरी में 17 मई से 15 जून तक 8 से 20 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए गुरमत



कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। शिविर में बच्चों को गुरु इतिहास, गुरुमुखी (पंजाबी), दस्तार बांधना, हारमोनियम एवं तबला वादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## राज्य सहकारी विकास समिति की 9वीं बैठक आयोजित

# 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं पहलों की हुई विस्तृत समीक्षा

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित चिन्तन सभागार में राज्य सहकारी विकास समिति (एससीडीसी) की 9वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं पहलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कृषि, डेयरी एवं सहकारिता विभाग के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत गोदामों का निर्माण एवं उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः इस पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाए। उन्होंने नवीन डेयरी सहकारी समितियों के गठन में तेजी लाकर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही, 'सहकारिता में सहकार' के अंतर्गत अधिक से अधिक डेयरी समितियों व सदस्यों के खाते सहकारी बैंकों में खोले जाने व उनके माध्यम से ट्रांजेक्शन किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की व्यवहार्यता व स्थिति के आकलन के लिए नाबार्ड के स्तर पर विशेषज्ञ समिति का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## बांदरसिंदरी थाना पुलिस ने दबोचे दो हथियार तस्कर

# अमेरिका निर्मित अवैध पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस और स्कॉर्पियो कार जब्त

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** अजमेर जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बांदरसिंदरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मेड इन यूएसए अवैध पिस्टल, मैग्जीन, 6 जिंदा कारतूस और एक स्कॉर्पियो कार जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अग्रवालाके निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लालचंद कायल एवं वृत्ताधिकारी किशनगढ़ ग्रामीण आयुप वशिष्ठ के सुपरविजन में थानाधिकारी दयाराम चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी।



पुलिस टीम बुधवार 20 मई को हल्का गश्त एवं अपराधियों की धरपकड़ के दौरान एनएच-48 रोड से राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय बांदरसिंदरी के गेट नंबर-1 की ओर जाने वाली सड़क पर पहुंची, जहां ब्लैक फिल्म लगी एक संदिग्ध स्कॉर्पियो कार खड़ी दिखाई दी। वाहन नंबर DL 9C BG 3541 की जांच के दौरान कार में बैठे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी विनय कुमार के कब्जे से एक अवैध लोडेड पिस्टल मय मैग्जीन एवं 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि आरोपी जयवीर सिंह के पास से 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों द्वारा हथियारों से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस एवं प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन जब्त कर दोनों आरोपियों विनय कुमार जाट पुत्र कृष्ण कुमार (26) और जयवीर सिंह जाट पुत्र रामेश्वर सिंह (26) निवासी नजफगढ़ दिल्ली के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में एसएचओ दयाराम चौधरी, हेड कांस्टेबल राजूलाल, कांस्टेबल अनिल कुमार, हरिनारायण, रामसिंह, जितेन्द्र सिंह और कांस्टेबल चालक भोजराज शामिल थे।

# विश्व हिंदी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की

भीम प्रज्ञा न्यूज

**लक्ष्मणगढ़ ।** गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से स्वैच्छिक संस्था के रूप में अधिकृत विश्व हिंदी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजस्थान लोक भवन जाकर मुलाकात की तथा परिषद की ओर से राजस्थान लोक भवन में भारतीय भाषा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित करने की स्वीकृति के लिए पत्र दिया। यह जानकारी देते हुए परिषद की राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य लक्ष्मनगढ निवासी कुमार लखोटिया ने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ विपिन कुमार के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को दिए पत्र में लिखा कि परिषद द्वारा भारतीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन, एवं राष्ट्रीय एकता में उनकी भूमिका को केन्द्र में रखते हुए भारतीय भाषा सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने राज्यपाल को बताया की सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं की स्मृद्ध परम्परा, साहित्यिक योगदान, सांस्कृतिक चेतना एवं समकालीन प्रांसगिकता पर गंभीर विचार विमर्श करना है। सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित साहित्यकार, शिक्षाविद्, शोधार्थी,पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाषा प्रेमी सहभागिता करेगे । कार्यक्रम में भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्वानों व साहित्यकारों का सम्मान किया जाना भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर परिषद की राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य कुमार लखोटिया ने राज्यपाल को पत्र भेंट कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।



# वैभव सूर्यवंशी की काबिलियत को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता: संजय बांगड़




**नई दिल्ली** । 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से जहां विपक्षी टीम के गेंदबाजों दहशत मचा रखी है, फैंस और विश्लेषकों को अपना मुरीद बना लिया है। मंगलवार को जयपुर में लखनऊ सुपर जांयट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के इस सलामी बल्लेबाज ने 38 गेंदों पर 93 रनों की विस्फोटक पारी खेली और अपनी टीम को 7 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वैभव की इस पारी को देखने के बाद टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर संजय बांगड़ ने उनकी जमकर तारीफ की है। संजय बांगड़ ने कहा कि जब भी वह सूर्यवंशी को खेलते हुए देखते हैं, तो उनकी तारीफ के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। जियोस्टार पर संजय बांगड़ ने कहा, 'इस लड़के की क्षमता को समझा सके, उसके लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं। मैं उसके साथ न्याय नहीं कर सकता। कुछ शॉट तो बहुत बढ़िया थे, कम से कम इतना तो कह ही सकते हैं। लगातार कवर बाउंड्री के ऊपर से हिट करना, पेस के खिलाफ, स्पिन के खिलाफ, और जब भी बॉल शॉर्ट में डग की गई, वह बहुत बढ़िया था। 'बांगड़ ने आगे कहा, 'लखनऊ सुपर जायंट्स लाइन-अप में सारे गेंदबाज 145 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंद फेंक रहे थे। इससे इस बच्चे को कोई फर्क नहीं पड़ा। उसने सच में एक मास्टरक्लास और शानदार वैभव सूर्यवंशी पारी खेली। जबरदस्त मनोरंजन हुआ। वह जहां भी जाएगा और जहां भी खेलेगा, पक्का भीड़ खींचेगा। '

## अभिषेक से आगे पहुंचा आरआर का धुरंधर

### 200+ चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 भारतीय

**नई दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय युवा ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के 64वें मैच में चेज करते हुए 93 रन की तूफानी पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने । वैभव ने अपनी इस पारी के दौरान 10 बेहतरीन छक्के भी लगाए और वो अब आईपीएल इतिहास में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए और अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया ।

**वैभव सूर्यवंशी निकले अभिषेक शर्मा से आगे–**

आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर थे, लेकिन लखनऊ के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 10 छक्के लगाकर वैभव सूर्यवंशी ने अब अभिषेक को पीछे छोड़ दिया । आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब वैभव पहले नंबर पर आ गए । उन्होंने अब तक इस लीग में चेज करते हुए 10 पारियों में कुल 42 छक्के लगाए हैं जबकि अभिषेक शर्मा ने 17 पारियों में 41 छक्के लगाए थे । आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर संजू सैमसन हैं जिन्होंने अब तक 15 पारियों में कुल 40 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 25 पारियों में 38 छक्के जड़े हैं । केएल राहुल इस लिस्ट में 5वें भारतीय हैं जिन्होंने 200 या उससे ज्यादा का स्कोर चेज करते हुए इस लीग में 22 पारियों में कुल 36 छक्के लगाए हैं ।

**200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले**

**टॉप-5 भारतीय**

- 42 छक्के : वैभव सूर्यवंशी ( 10 पारी )
- 41 छक्के : अभिषेक शर्मा ( 17 पारी )
- 40 छक्के : संजू सैमसन ( 15 पारी )
- 38 छक्के : रोहित शर्मा ( 25 पारी )
- 36 छक्के : केएल राहुल ( 22 पारी

## क्रिकेटर मोहम्मद शमी को बड़ी राहत, चेक बाउंस मामले में बरी

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चेक बाउंस मामले में बड़ी राहत मिली है। शमी को अलीपुर कोर्ट ने उनकी अलग रह रही पत्नी हसीन जहां द्वारा दायर चेक बाउंस मामले में बरी कर दिया है। क्रिकेटर मोहम्मद की पूर्व पत्नी हसीन जहां ने आरोप लगाया था कि शमी द्वारा घर के खर्च के लिए दिया गया 1 लाख रुपए का चेक बाउंस हो गया था। बुधवार को अलीपुर कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इस मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया है। 'आईएएनएस' से ??बात करते हुए, शमी के वकील सलीम रहमान ने कहा, 'क्रिकेटर मोहम्मद शमी को चार साल पुराने उस मामले में बरी कर दिया गया है, जिन्हें उनकी पत्नी ने दायर किया था।' इस मामले की सुनवाई बुधवार को अलीपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई, जहां शमी को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया।उल्लेखनीय है कि साल 2018 में, हसीन जहां ने आरोप लगाया था कि शमी ने उन्हें घरेलू खर्चों के लिए 1 लाख रुपए का चेक दिया था, जो बाद में बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट का रुख किया और शमी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इस मामले के अलावा, उन्होंने शमी और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी दर्ज कराई थीं।बुधवार को शमी कोर्ट में पेश हुए। फैसले के बाद मीडिया से बात करते हुए शमी ने कहा कि उन्हें पहले से ही पता था कि फैसला उनके पक्ष में आएगा, क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने कहा, 'मुझे जितने भी पैसे देने थे, मैंने उसका एक-एक रुपया चुका दिया है। चाहे मैदान के अंदर की बात हो या बाहर की, मैं हमेशा हर स्थिति को अपनी पूरी क्षमता से संभालने की कोशिश करता हूं। 'शमी फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अपनी अलग रह रही पत्नी के साथ चल रहे कानूनी विवादों के चलते वे लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।



## लिटन दास और रिजवान भिड़े! बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया जमकर स्लेज




**सिलहट, एजेंसी।** बांग्लादेश ने इतिहास रचते हुए पाकिस्तान को अपनी सरजमीं पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। ढाका में पहले टेस्ट में बांग्लादेश ने 104 रन से और सिलहट में दूसरे टेस्ट में 78 रन से जीत हासिल की। हालांकि, सिलहट टेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बांग्लादेश के लिटन दास और पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान भिड़ गए। और इसके बाद तो पूरी बांग्लादेश टीम ने मिलकर रिजवान को खूब स्लेज किया। बांग्लादेश क्रिकेटरों ने यहां तक कहा कि रिजवान अच्छी एक्टिंग करता है, इसे बॉलीवुड में भेजो, लेकिन वहां भी इसे कोई नहीं लेगा। इसकी ओवरएक्टिंग इतनी है कि 50 पैसे काट लेंगे।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सिलहट टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 437 रन का लक्ष्य दिया था। रिजवान और बांग्लादेशी खिलाड़ियों की लड़ाई पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान हुई। तब पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 259 रन था। पाकिस्तान की दूसरी पारी के 72वें ओवर में तैजुल इस्लाम गेंदबाजी कर रहे थे। चौथी गेंद पर जब तैजुल ने अपना रनअप लिया तो रिजवान क्रीज से हट गए और साइट स्क्रीन की ओर इशारा करने लगे। तब रिजवान के साथ सलमान आगा क्रीज पर थे। जैसे ही रिजवान ने साइट स्क्रीन की ओर इशारा किया, विकेटकीपिंग कर रहे लिटन भड़क गए।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने किया स्लेज

इस घटना के बाद तो पूरी बांग्लादेशी टीम रिजवान को स्लेज करने लगी। बांग्लादेशी खिलाड़ी ज्यादा आक्रामक नजर आए और रिजवान को खूब स्लेज किया। जैसे ही तैजुल ने ओवर की पांचवीं गेंद डाली, स्टंप माइक पर किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी ने रिजवान को स्लेज करते हुए कहा- थोड़ा रन कर लिया है, अभी एक्टिंग चालू हो जाएगा। फिर दूसरे बांग्लादेशी खिलाड़ी ने कहा- बहुत ज्यादा एक्टिंग हो रही है, बहुत ज्यादा एक्टिंग। तैजुल की आखिरी गेंद से पहले रिजवान का ध्यान भंग हुआ और वह फिर से क्रीज से हट गए। इसके बाद ओवर की आखिरी गेंद पर रिजवान ने एक रन लिया। बांग्लादेशी खिलाड़ी यहां भी नहीं रुके। किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी ने रिजवान को स्लेज करते हुए कहा- चलो भाई, बॉलीवुड में जगह मिल जाएगी इसे। तो इस पर एक और बांग्लादेशी क्रिकेटर ने कहा- नहीं भाई। उधर इसे जगह नहीं मिलेगी। इतना सुनते ही रिजवान फिर अंपायर के पास पहुंचकर शिकायत करते दिखे। फिर किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी ने कहा- इस ओवरएक्टिंग के लिए हम 50 पैसे काटेंगे। 50 पैसे। एक और बांग्लादेशी क्रिकेटर ने कहा- एक हफ्ते बाद इसकी ट्रेनिंग है भाई बॉलीवुड में।

**प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी बरकरार**

## मुंबई पर जीत के बाद तालिका में छठे स्थान पर पहुंची कोलकाता

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। बुधवार को ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।




इस जीत के साथ कोलकाता की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 13 अंक हो गए और नेट रन रेट +0.011 हो गया है। अब केकेआर को उनका आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है। कोलकाता ने इस जीत के दम पर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है।

मुंबई ने 41 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। जब पारी के आठ ओवर पूरे हो गए थे, बारिश ने दखल दिया, लेकिन ब्रेक के बावजूद ओवरों में कटौती नहीं की गई। कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंदों में 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। तिलक वर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पांड्या ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

कॉर्बिन बॉश ने दीपक चाहर के साथ आठवें विकेट के लिए 20 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बॉश 18 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी खेमे से सौरभ दुबे, कैमरून ग्रीन और कार्तिक त्यागी ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि सुनील नरेन ने एक विकेट निकाला।

इसके जवाब में केकेआर ने पहले ही ओवर में फिन एलन (8) का विकेट गंवा दिया। यहां से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मनीष पांडे के साथ 28 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। रहाणे 17 गेंदों में 4 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद कैमरन ग्रीन (4) भी पवेलियन लौट गए। टीम ने 7.1 ओवरों में 54 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे। यहां से रोवमैन पॉवेल ने मनीष पांडे के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।

## भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया



**भोपाल ।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई सेंटर में सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही ऑरोरा कोवासेविच (8') के गोल से बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने जल्द जवाब दिया और कप्तान स्वीटी कुजूर (13') ने शुरुआती क्वार्टर खत्म होने से पहले पहला गोल कर टीम को बराबरी दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारत की दीया (25') ने गोल दागा। इस गोल से भारतीय टीम हाफटाइम तक 2-1 से आगे रही।

भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में नियंत्रण बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिंज (44') के गोल से अपनी बढ़त 3-1 की कर ली। नौशीन नाज (50') ने आखिरी क्वार्टर में एक और गोल किया और भारत की बढ़त 4-1 करते हुए जीत पक्की कर दी।

भारतीय टीम के लिए यह जीत बहुत अहम रही। इस जीत के बाद इस महीने के आखिर में जापान में शुरू होने वाले अंडर-18 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

हालांकि 4 मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-3 से जीत दर्ज की।सीरीज के पहले मैच में भारत को 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 1-2 से हराया था।

भारतीय टीम को निश्चित रूप से शुरुआती तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलयाई टीम को मैचों के दौरान मुश्किल में रखा। पहला और तीसरा मुकाबला बेहद कांटे वाला रहा।

## वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले ब्राजील को झटका; नेमार जूनियर फिर हुए चोटिल

**रियो डी जनेरियो।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के आगाज से ठीक पहले ब्राजील को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी नेमार एक बार फिर चोटिल हो गए हैं। नेमार को हाल ही में ब्राजील की विश्व कप टीम में चुना गया है। 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के मुताबिक, 34 साल के सैंटोस स्टार बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम के घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच में पिंडली की चोट के कारण नहीं खेल पाए। हालांकि ब्राजील के क्लब ने नेमार की इंजरी को गंभीर नहीं बताया है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने कहा कि फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राजील के पहले प्री-वर्ल्ड कप ट्रेनिंग सेशन के लिए तैयार होंगे।

'ओ ग्लोबो' ने जोगैब के हवाले से कहा, 'नेमार नेशनल टीम में फिट या लगभग पूरी तरह से फिट होने की स्थिति में ही टीम को रिपोर्ट करेंगे। इस बात की भी संभावना है कि वह अगले मंगलवार को डेपोर्टिवो कुएनका के खिलाफ खेल सकते हैं।' ब्राजील के लिए 128 इंटरनेशनल मुकाबलों में सबसे ज्यादा 79 गोल करने वाले नेमार ने ब्राजील के लिए आखिरी मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला था।



उरुग्वे के खिलाफ हुए वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में उनका एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फट गया था। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व अटैकर तब से चोटों से जूझ रहे हैं; पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद नेमार ने 38 मुकाबलों में सिर्फ 17 गोल किए हैं।

यह नेमार का चौथा फीफा वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले वह 2014, 2018 और 2022 एडिशन में खेल चुके हैं। वह कैस्टिलो, जल्मा सैंटोस, निल्टन सैंटोस, पेले, एमर्सन लीओ, कैफू, रोनाल्डो और थियागो सिल्वा के साथ सबसे ज्यादा बार इस टूर्नामेंट में खेलने वाले ब्राजील के खिलाड़ी बन जाएंगे।नेमार के पास पेले के साथ जुड़ने और चार अलग-अलग वर्ल्ड कप में ब्राजील की नंबर 10 शर्ट पहनने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का भी मौका है। विश्व कप में नेमार ने 13 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने आठ गोल किए हैं और तीन असिस्ट किए हैं। ब्राजील अपने अभियान का आगाज 13 जून को न्यू जर्सी में मोरक्को के खिलाफ टूर्नामेंट शुरू करेगा, जिसके बाद ग्रुप सी में टीम की भिड़ंत हैती और स्कॉटलैंड से होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सूडान के पश्चिमी कोरडोफान में ड्रोन हमला, 28 लोगों की मौत

**खार्तूम, एजेंसी।** एक स्थानीय मानवाधिकार समूह ने बताया कि मंगलवार को मध्य सूडान के एक व्यस्त बाजार पर ड्रोन हमले में 28 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह हमला उस युद्ध का हिस्सा है जिसने 2023 से देश को तबाह कर दिया है। संघर्ष के दौरान हुए उल्लंघनों पर नज़र रखने वाले स्थानीय मानवाधिकार समूह 'इमरजेंसी लॉयर्स' ने एक्स पर बताया कि पश्चिमी कोरडोफान प्रांत के घुबायश कस्बे में स्थित बाजार को मंगलवार सुबह उस समय निशाना बनाया गया जब वह नागरिकों से खचाखच भरा हुआ था। समूह ने इस हमले के लिए सेना को जिम्मेदार ठहराया। सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बढ़ने के बाद अप्रैल 2023 में एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ गया। आरएसएफ पश्चिमी कोर्डोफान पर नियंत्रण रखता है। सूडान की सेना के एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सेना नागरिकों या नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाती है। एक अन्य सैन्य सूत्र ने भी समूह के दावों का खंडन करते हुए कहा कि सेना के एक ड्रोन ने बाजार के पास ईंधन भरते समय आरएसएफ के दो लड़ाकू वाहनों पर हमला किया, जिससे वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गए और उनमें सवार लोग मारे गए, लेकिन किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### दक्षिणी लेबनान पर इस्राइल का बड़ा हमला, बच्चों-महिलाओं समेत 19 लोगों की मौत

**लेबनान, एजेंसी।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार को दक्षिणी लेबनान पर हुए इस्राइली हवाई हमलों में चार महिलाओं और तीन बच्चों सहित कम से कम 19 लोग मारे गए। यह इस्राइल-हिजबुल्ला युद्ध में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए नाजुक युद्धविराम के बावजूद दोनों पक्षों द्वारा लगभग दैनिक रूप से किए जा रहे हमलों की श्रृंखला में नवीनतम घटना है, जो अभी तक रुकी नहीं है।

### न्यूयॉर्क: खुले गड्ढे में गिरने से एक महिला की मौत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** पुलिस और बिजली अधिकारियों ने बताया कि न्यूयॉर्क शहर की एक व्यस्त सड़क पर एक खुले गड्ढे में 56 वर्षीय महिला गिर गई और उसकी मौत हो गई। वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह घटना कैसे हुई होगी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात को मिडटाउन मैनहट्टन में फिफ्थ एवेन्यू और ईस्ट 52वीं स्ट्रीट के कोने के पास मरम्मत के लिए बने गड्ढे के ठीक बगल में डोनिके गोकाज ने अपनी कार खड़ी की। रात 11:30 बजे से कुछ देर पहले गाड़ी से बाहर निकलते समय उसमें गिर गई। दमकलकर्मियों द्वारा उसे बाहर निकालने के बाद स्थानीय अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। यूटिलिटी कंपनी कॉन एडिसन ने कहा कि निगरानी कैमरे की फुटेज से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला के गिरने से लगभग 12 मिनट पहले एक मल्टी-एक्सल ट्रक के ऊपर से गुजरने के कारण गड्ढे का ढक्कन हट गया था।

### रूस-चीन संबंधों का नया अध्याय! राष्ट्रपति पुतिन पहुंचे बीजिंग



**बीजिंग, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा के लिए चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच चुके हैं। बीजिंग हवाई अड्डे पर चीन के शीर्ष नेता और विदेश मंत्री वांग यी ने राष्ट्रपति पुतिन का बहुत ही गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया। यह यात्रा दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग के लिए एक नया और पहले से अधिक मजबूत रणनीतिक आधार तैयार करने वाली है। बीजिंग के राजनीतिक गलियारों में इस हाई-प्रोफाइल दौरे को लेकर सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं और दुनिया की नजरें इस पर हैं। पुतिन की यह यात्रा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक 'गुड-नेबरलीनेस एंड फ्रेंडली कोऑपरेशन' संधि की 25वीं वर्षगांठ के खास मौके पर आयोजित की जा रही है। साल 2001 में इस संधि की नींव स्वयं पुतिन ने रखी थी, जो आज दोनों देशों के अटूट और गहरे रिश्तों की एक बड़ी पहचान बन चुकी है। इस दौरे के माध्यम से रूस और चीन अपनी खास रणनीतिक साझेदारी को एक बिल्कुल नए और वैश्विक उच्च मुकाम पर ले जाने के लिए तैयार हैं। बीजिंग में होने वाली वार्ता दोनों देशों के व्यापक विकास और द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक गहरा करने के एजेंडे पर आधारित होगी। बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भव्य स्वागत चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर पुतिन मंगलवार 19 मई को बीजिंग पहुंचे जहां उनका जोरदार इस्तकबाल किया गया। हवाई अड्डे पर चीन के शीर्ष नेतृत्व और विदेश मंत्री वांग यी ने स्वयं मौजूद रहकर रूसी राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया। क्रेमलिन के अनुसार इस यात्रा से दोनों देशों को बेहद ऊंची उम्मीदें हैं और यह आपसी शक्ति प्रदर्शन का एक बड़ा मौका है। यह महत्वपूर्ण दौरा रूस और चीन के बीच हुई ऐतिहासिक मैत्री संधि की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। इस ऐतिहासिक संधि की शुरुआत साल 2001 में की गई थी जब पुतिन और जियांग जेमिन ने इस पर हस्ताक्षर किए थे। अब पुतिन और शी जिनपिंग इसी पुरानी दोस्ती को आधुनिक वैश्विक संदर्भों में एक नई और मजबूत दिशा देने वाले हैं। दुनिया की टिकी निगाहें पुतिन का यह दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीजिंग यात्रा के ठीक एक हफ्ते बाद हो रहा है जो सामरिक रूप से अहम है। दुनिया भर के कूटनीतिज्ञ इसे रूस और चीन के गठबंधन को पश्चिम के सामने एक कड़े संदेश के रूप में देख रहे हैं। बीजिंग में होने वाली यह शिखर वार्ता वैश्विक राजनीति के शक्ति समीकरणों को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती है। पुतिन ने बीजिंग पहुंचने से पहले कहा कि रूस और चीन राजनीति, अर्थव्यवस्था और रक्षा के क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ा रहे हैं। दोनों देश मानवीय आदान-प्रदान और लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। शी जिनपिंग के दीर्घकालिक सहयोग के प्रति कमिटमेंट की पुतिन ने जमकर तारीफ की और इसे भविष्य के लिए जरूरी बताया।

# जेडी वेंस की ईरान को चेतावनी, डील नहीं हुई तो फिर शुरू हो सकता है सैन्य अभियान



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ईरान के साथ गंभीर और लगातार बातचीत कर रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर तेहरान न्यूक्लियर हथियार हासिल करने से रोकने वाली डील पर सहमत नहीं होता है, तो अमेरिका मिलिट्री ऑपरेशन को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए वेंस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ कहा है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना सकता। वेंस के मुताबिक, अगर ईरान परमाणु बम बना लेता है तो इससे दुनिया में हथियारों की नई दौड़ शुरू हो सकती है और मध्य पूर्व समेत कई इलाकों में अस्थिरता बढ़ सकती है। वेंस ने कहा कि सरकार को लगता है कि ईरान समझौता करना चाहता है और हाल की बातचीत में कुछ प्रगति भी हुई है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि ईरान डील करना चाहता है। लेकिन इसका पता तभी चलेगा जब समझौते पर वास्तव में हस्ताक्षर होंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनकी हाल की कूटनीतिक यात्रा का मकसद यह दिखाना था कि अमेरिका ईमानदारी से बातचीत करना चाहता है। उन्होंने कहा, 'हम यह दिखाना चाहते थे कि हम अच्छे इरादे से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन बातचीत नाकाम रही तो राष्ट्रपति ट्रंप सैन्य दबाव बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दूसरा विकल्प यह है कि हम फिर से सैन्य अभियान शुरू कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं करना चाहते, लेकिन जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। वेंस ने ईरान को 'बहुत जटिल देश' बताया और कहा कि वहां कई ताकतवर समूह हैं, इसलिए यह समझना मुश्किल होता है कि बातचीत में ईरान वास्तव में क्या चाहता है।

उन्होंने कहा कि कई बार यह समझना कठिन हो जाता है कि ईरान बातचीत से आखिर हासिल क्या करना चाहता है। वेंस ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि भविष्य के किसी समझौते के तहत रूस, ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अपने नियंत्रण में ले सकता है। उन्होंने कहा कि? यह हमारी मौजूदा योजना नहीं है और कभी हमारी योजना रही भी नहीं।

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान वेंस ने सरकार की व्यापक संघर्ष नीति का बचाव भी किया और कहा कि मौजूदा संघर्ष विराम को अंतहीन युद्ध नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सक्रिय संघर्ष करीब पांच से साढ़े पांच हफ्ते चला। यह कोई हमेशा चलने वाला युद्ध नहीं है। हम अपना काम पूरा करेंगे और वापस घर आएंगे। उपराष्ट्रपति ने घरेलू मुद्दों पर भी बात की, जिनमें इमिग्रेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और राजनीतिक हिंसा शामिल थे। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस की एंटी-फ्रॉड टीम ने मेडिकेयर, मेडिकेड और इमिग्रेशन सिस्टम में 'अरबों डॉलर की धोखाधड़ी' का पता लगाया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वेंस ने कहा कि सरकार चाहती है कि अमेरिका इस तकनीक की दौड़ में सबसे आगे रहे, साथ ही लोगों की निजता और राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति चाहते हैं कि हम इनोवेशन के पक्ष में रहें। वे चाहते हैं कि एआई की दौड़ में अमेरिका दुनिया के बाकी देशों से आगे रहे।' वेंस ने हाल में हुई राजनीतिक और धार्मिक हिंसा की घटनाओं की भी निंदा की। इनमें कैलिफोर्निया में एक मुस्लिम कम्युनिटी सेंटर के पास हुई घातक गोलीबारी और रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या जैसी घटनाएं शामिल थीं।

## अगले महीने हो सकती है पीएम मोदी-राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात, मैक्रों के निमंत्रण से चर्चाएं तेज



**पेरिस, एजेंसी।** अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हो सकती है। यह मुलाकात फ्रांस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान होने की संभावना है।

अगर ऐसा होता है, तो 16 महीनों से भी ज्यादा समय के बाद दोनों नेता पहली बार आमने-सामने होंगे। फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें इस संभावित मुलाकात पर टिकी हैं। इमैनुएल मैक्रों के आमंत्रण पर पीएम मोदी जाएंगे फ्रांस फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस में 15 से 17 जून तक जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को इस बैठक में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। हालांकि भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, फिर भी एक महत्वपूर्ण भागीदार देश के तौर पर भारत को बुलाया गया है। राष्ट्रपति मैक्रों ने फरवरी में भारत दौरे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस सम्मेलन में आने का न्योता दिया था।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में मंगलवार को 17,000 से अधिक लोगों को निकासी के आदेश दिए गए, क्योंकि जंगल की आग से उपनगरीय घरों को खतरा था। तेज हवाओं के कारण लगी सैंडी आग सोमवार को लॉस एंजिल्स से लगभग 30 मील (48 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में सिमी घाटी के ऊपर पहाड़ियों में देखी गई। वेंटुरा काउंटी अग्निशमन विभाग के अनुसार, मंगलवार सुबह तक आग ने दो वर्ग मील (पांच वर्ग किलोमीटर) से अधिक सूखे झाड़ियों को जलाकर राख कर दिया था और कम से कम एक घर को नष्ट कर दिया था। विभाग के प्रवक्ता एंड्रयू डाउड ने बताया कि आग की लपटें शुरू में 30 मील प्रति घंटे (48 किलोमीटर प्रति घंटे) से अधिक की रफ्तार वाली तेज हवाओं के कारण भड़क उठीं, लेकिन रात भर हवा शांत होने से दमकलकर्मियों को मदद मिली। उन्होंने कहा कि मौसम में सुधार होने से हमने इस आग पर काबू पाने में काफी प्रगति की है। उन्होंने बताया कि टीमें हवाएं फिर से तेज होने से पहले और अधिक प्रगति करने की उम्मीद कर रही हैं। 125,000 से अधिक आबादी वाले शहर सिमी वैली के कई इलाकों के लिए अभी भी निकासी के आदेश और चेतावनी जारी थी। इसी बीच, दमकलकर्मी दक्षिणी कैलिफोर्निया तट से दूर सांता रोजा द्वीप पर 23 वर्ग मील (59 वर्ग किलोमीटर) में फैली भीषण आग से जूझ रहे थे। आग ने एक केबिन और एक उपकरण शेड को नष्ट कर दिया और राष्ट्रीय उद्यान सेवा के 11 कर्मचारियों को वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो 23 से 26 मई तक भारत दौरे पर, क्वाड और रक्षा सहयोग पर होगी अहम चर्चा



वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो चार दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। वे शनिवार को भारत पहुंचेंगे और 23 से 26 मई तक देश के अलग-अलग राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान क्वाड साझेदारी, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा सहयोग पर मुख्य रूप से चर्चा होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, मार्को रूबियो भारत यात्रा के दौरान कोलकाता, आगरा, जयपुर और दिल्ली जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को रूबियो की यात्रा योजनाओं की घोषणा की। विभाग ने जानकारी दी कि भारत आने से पहले 22 मई को मार्को रूबियो सबसे पहले स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग जाएंगे, जहां वे नाटो विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा, 'विदेश मंत्री भारतीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ होने वाली बैठकों के दौरान ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे।' नई दिल्ली में भारतीय नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों के अलावा, रूबियो के क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी शामिल होने की उम्मीद है। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल होंगे। एक इंटरव्यू में संयुक्त राज्य अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि रूबियो की यह यात्रा इस क्षेत्र और व्यापक भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर हो रही है। अघी ने आईएएनएस से कहा, 'अब समय आ गया है कि हम क्वाड को फिर से सक्रिय करें। खासकर मध्य पूर्व में मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने बताया कि अमेरिका और भारत के बीच होने वाली चर्चाओं में होर्मुज स्ट्रेट से जुड़ी समुद्री सुरक्षा चिंताओं और व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दों को भी शामिल किए जाने की उम्मीद है। अघी ने कहा, 'होर्मुज स्ट्रेट के संबंध में भारत और अमेरिका के बीच चर्चा होना बेहद जरूरी है। आपको यह समझना होगा कि इस क्षेत्र में भारत के पास सबसे बड़ी नौसेनाओं में से एक है।' अघी ने यह भी कहा कि भारत, चीन के साथ हाल ही में हुई राजनयिक वार्ताओं और इस क्षेत्र पर उनके संभावित प्रभावों के बारे में स्पष्टता चाहेगा। उन्होंने कहा, 'विदेश मंत्री रूबियो के लिए भारत सरकार को चीन यात्रा के बारे में जानकारी देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका भारत पर भी असर पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा, 'भारत यह समझना चाहेगा कि इन घटनाक्रमों का उस पर किस तरह का प्रभाव पड़ेगा। अघी के अनुसार, यह यात्रा एक 'उपयुक्त समय' पर हो रही है और उम्मीद है कि इसमें दोनों देशों को प्रभावित करने वाले कई मोर्चों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी की इटली के कलाकारों ने जमकर की प्रशंसा, बोले- यादगार रहा अनुभव



**रोम, एजेंसी।** पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे हैं। यहां भारतीय नागरिकों के साथ-साथ इटली के लोग भी उनका स्वागत करने पहुंचे। इस अवसर पर इटालियन कलाकारों ने संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। इटालियन कलाकार फ्रांसेस्को घेरार्दी ने प्रधानमंत्री मोदी के सामने प्रस्तुति देने के बाद अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने आईएएनएस से कहा कि भारतीय पीएम की मौजूदगी बेहद सकारात्मक थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पूरी प्रस्तुति के दौरान तालियां बजाते रहे और कलाकारों का उत्साह बढ़ाते रहे। फ्रांसेस्को ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से हाथ मिलाने और तस्वीरें खिंचवाने का भी अवसर मिला। कलाकार वैलेरियो ब्रूनी ने कहा, 'मुझे लगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सचमुच बहुत उत्साहित थे। उन्होंने हमारी प्रस्तुति को ध्यान से देखा और बाद में तालियां बजाईं। मुझे लगता है कि उन्होंने हमारी प्रस्तुति की सराहना की।' निकोलो मेलोची ने इसे अपने लिए यादगार अवसर बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सामने पूरी टीम के साथ प्रस्तुति देना शानदार अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से कुछ शब्दों में बातचीत करने का भी मौका मिला। वहीं एक अन्य कलाकार सिमोन मैटिएलो ने कहा कि पूरा कार्यक्रम बहुत आनंदमय था। प्रधानमंत्री मोदी कलाकारों की प्रस्तुति से जुड़ाव महसूस कर रहे थे। लियो वर्तुन्नी ने कार्यक्रम के माहौल को ऊर्जा और उत्साह से भरपूर बताते हुए कहा कि वहां मौजूद भारतीय समुदाय का अपने प्रधानमंत्री के प्रति प्रेम साफ दिखाई दे रहा था। उन्होंने कहा, 'वहां जबरदस्त ऊर्जा थी और हम भारतीय लोगों का अपने प्रधानमंत्री के प्रति प्रेम महसूस कर सकते थे। वहां उत्सव और ऊर्जा का एक दिलचस्प मेल था। मार्टिना अर्गाडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कलाकारों की प्रस्तुति को बेहतरीन बताया। उन्होंने इस अवसर के लिए रोम स्थित भारतीय दूतावास का आभार व्यक्त किया। मार्टिना अर्गाडा ने कहा, 'उन्होंने (पीएम मोदी) हमसे कहा कि प्रस्तुति बेहतरीन थी। हम रोम में भारतीय दूतावास के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने हमें भारतीय प्रधानमंत्री के सामने प्रस्तुति देने का अवसर दिया।' वहीं, कथक कलाकार रोसेला फेनेली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में कथक प्रस्तुति देना उनके लिए बेहद भावुक और खास अनुभव रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में उन्हें भारत में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का अवसर मिलेगा। फेनेली ने कहा, 'यह मेरे और मेरे दोस्तों के लिए बहुत अच्छा अनुभव था। हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, इसलिए हमारी भावनाएं बहुत उमड़ रही थीं। मैं इस अवसर को एक बहुत अच्छा अनुभव मानती हूं और मुझे उम्मीद है कि हम भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल पाएंगे।

## राजनाथ सिंह ने शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि, भारत-दक्षिण कोरिया रक्षा सहयोग बढ़ाने पर फोकस



**सियोल, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल स्थित सियोल नेशनल सेमेट्री पहुंचकर देश के लिए बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने विशेष रूप से कोरियाई युद्ध के दौरान जान गंवाने वाले सैनिकों को याद करते हुए राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की और मौन रखकर सम्मान प्रकट किया। सियोल नेशनल सेमेट्री दक्षिण कोरिया के उन सैनिकों और नागरिकों की स्मृति में बनाया गया है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। यह स्मारक राष्ट्रीय सम्मान, बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक माना जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यह यात्रा भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से हो रही है। वह मंगलवार को दक्षिण कोरिया पहुंचे थे, जहां भारत के राजदूत गौरंगलाल दास और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## पीएम मोदी पर नस्लीय कार्टून बनाने पर विवाद; निशाने पर आया नॉर्वे का अखबार

**ओस्लो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे यात्रा के दौरान एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नॉर्वे के प्रमुख अखबार 'आफ्टेनपोस्टन' ने पीएम मोदी का एक बेहद नस्लभेदी और आपत्तिजनक कार्टून प्रकाशित किया है। इस कार्टून में उन्हें एक सपेरे के रूप में चित्रित किया गया है, जिसके हाथ में सांप के आकार का फ्यूल स्टेशन पाइप है। इस घटना ने पश्चिमी मीडिया की पुरानी औपनिवेशिक मानसिकता को फिर से उजागर कर दिया है।

इस विवादित इलस्ट्रेशन के साथ 'एक चतुर और थोड़ा परेशान करने वाला आदमी' शीर्षक से एक लेख भी छापा गया है। यह घटना तब सामने आई जब एक नॉर्वेजियन पत्रकार हेले लिंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस न करने पर सवाल उठाए थे। इंटरनेट पर इस कार्टून की कड़ी आलोचना हो रही है और लोग इसे भारत का सरासर अपमान बता रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी देश की लोकतांत्रिक ताकत का मजबूती से बचाव किया है।

**औपनिवेशिक मानसिकता का प्रदर्शन :** इंटरनेट पर यूजर्स इस कार्टून को नस्लभेदी और पुराने औपनिवेशिक रूढ़ियों से प्रेरित बता रहे हैं। लोगों का कहना है कि पश्चिमी मीडिया अभी भी भारत को केवल सपेरों के देश के रूप में देखता है। यह नकारात्मक छवि भारत और उसके चुने हुए लोकतांत्रिक नेता दोनों के प्रति गहरी असम्मान की भावना दिखाती है।

यह घटना बेहद विडंबनापूर्ण है क्योंकि पीएम मोदी ने स्वयं इस पुरानी धारणा का स्पष्ट जिक्र किया था। साल 2014 में अमेरिका में उन्होंने कहा था कि भारत अब सपेरों का नहीं बल्कि माउस चार्मर्स का देश है। तकनीक के क्षेत्र में भारत की भारी प्रगति के बावजूद पश्चिमी देशों में ऐसी पिछड़ी सोच आज भी जीवित है।



**पश्चिमी मीडिया की कड़ी आलोचना :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई यूजर्स ने इस कृत्य की बहुत ही कड़े शब्दों में निंदा की है। एक यूजर ने लिखा कि यूरोपीय लोग अभी भी अपनी पुरानी औपनिवेशिक कल्पनाओं से पूरी तरह बाहर नहीं आ पाए हैं। साल 2022 में भी स्पेन के एक अखबार ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर ऐसा ही एक विवादित कार्टून छापा था। यह पूरा विवाद नॉर्वेजियन पत्रकार हेले लिंग के एक तीखा सवाल पूछने के तुरंत बाद शुरू हुआ था। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस न होने और भारत में मानवाधिकारों को लेकर कई तीखे सवाल उठाए थे। इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी बहस छिड़ गई। विदेश मंत्रालय की कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए भारत का दृढ़ता से बचाव किया। उन्होंने कहा कि अकेले दिल्ली में 200 टीवी चैनल हैं जो हमारी मजबूत मीडिया की स्वतंत्रता को दर्शाते हैं। उन्होंने चुनिंदा और अज्ञानी एनजीओ की रिपोर्टों के आधार पर राय बनाने वालों की बहुत कड़ी आलोचना की।

भारतीय राजनयिक ने स्पष्ट किया कि पश्चिमी आलोचकों को भारत के बड़े पैमाने की कोई समझ बिल्कुल नहीं है। यहां हर दिन अलग-अलग भाषाओं में ब्रेकिंग न्यूज आती है जो हमारे मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे का एक बड़ा सबूत है। संविधान द्वारा दिए गए अधिकार यह साबित करते हैं कि भारत एक जीवंत और पूरी तरह से स्वतंत्र देश है।

## एअर इंडिया की फ्लाइट रनवे से टकराई

बंगलूरू (एजेंसी)। बंगलूरू हवाई अड्डे पर उतरते समय गुरूवार को एअर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए। दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है। टेलस्ट्राइक के बाद सभी विमानों की संरचनात्मक समस्याओं के लिए जांच की जाती है। फ्लाइट में 181 यात्री सवार थे। घटना में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, लैंडिंग से ठीक पहले विमान 'वेक टर्बुलेंस' की चपेट में आ गया। इसके बाद पायलट ने नियमों के तहत 'गो-अराउंड' करने का फैसला लिया। पायलट ने लैंडिंग टाल दी और फ्लाइट वापस हवा में ले ली। इसी दौरान उसका पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया।

## नीट लीक मामला : कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन : शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जयपुर में गुरुवार को नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई, जिसमें पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को पीछे धकेलना पड़ा। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय से पैदल मार्च करते हुए शहीद स्मारक पहुंचे, जहां से वे बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने की कोशिश कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान शहीद स्मारक पर कार्यकर्ताओं ने डोटासरा को कंधे पर उठा लिया। वहीं, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पुलिस कमिश्नरेट के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने विधायक मुकेश भाकर और पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को धक्का देकर आगे बढ़ने से रोका, जबकि विधायक मनीष यादव को बैरिकेड्स पर चढ़ने का प्रयास करते हुए नीचे उतारा गया। डोटासरा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर तीखा हमला कर उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। उन्होंने प्रधान को चोर और धोखेबाज करार देकर कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर लोगों का विश्वास नहीं रहा है और एनटीए को भंग कर देना चाहिए। डोटासरा ने केंद्र सरकार पर जिम्मेदारी से बचने का आरोप लगाकर कहा कि 22 लाख छात्रों के भविष्य को देखते हुए नीट पेपर लीक मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में सीबीआई से कराई जानी चाहिए, ताकि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सके।

## अमृतसर में घर में भीषण धमाका, दो महिलाएं झुलसीं

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर के अनगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह एक घर में हुए जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहल गया। घटना के कारण घर में भीषण आग लग गई और चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, एक महिला की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और दूसरी भी बुरी तरह घायल है। आशंका है कि एक महिला की मौत हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि अस्पताल की रिपोर्ट के बाद होगी। बात दें कि धमाका इतना तेज था कि घर की छत में गहरी दरारें पड़ गईं और बाहर लगे शीशे भी टूटकर बिखर गए। आग बहुत तेजी से फैली, जिससे घर को भारी नुकसान पहुंचा। फायर ब्रिगेड को सुबह करीब 11-45 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। टीम जब पहुंची, तब स्थानीय लोग आग बुझाने में मदद कर रहे थे। फायर ब्रिगेड की टीमों ने लगभग 20 से 25 मिनट में आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग आग लगने के कारणों को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोगों ने पटाखों या अन्य ज्वलनशील पदार्थों से धमाके जैसी आवाज सुनने का दावा किया है। हालांकि, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं और सभी कोणों से मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक आग लगने का कोई अंतिम कारण सामने नहीं आया है और विस्तृत जांच के बाद ही सच्चाई का पता चलेगा। पुलिस मौके से सबूत जुटाकर उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

## राजनीतिक फैसले और बीजेपी में जाने को लेकर की जा रही आलोचना

### -हाईकोर्ट ने राघव की याचिका पर कहा- यह प्राइवेसी उल्लंघन का मामला नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जस्टिस सुब्रह्मण्यम प्रसाद की बेंच ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि राघव चड्ढा के व्यक्तिगत अधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं बनता। उनकी आलोचना उनके राजनीतिक फैसले को लेकर और बीजेपी में जाने को लेकर की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली हाईकोर्ट ने राघव चड्ढा की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें उनके खिलाफ अपमानजनक सामग्री हटाने की मांग की गई थी।



हाईकोर्ट ने कहा कि व्यक्तित्व अधिकारों का कमर्शियल इस्तेमाल और आलोचना करने में अंतर है। हाईकोर्ट ने राघव चड्ढा से कहा कि आपके राजनीतिक फैसले और बीजेपी में जाने की आलोचना हो रही है। प्रथम दृष्टया इसमें व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं बनता। कोर्ट ने कहा निस्संदेह आज़ादी के समय से ही हम आरके लक्ष्मण के कार्टून देखते आए हैं। उस दौर में शायद सोशल मीडिया इतना प्रभावशाली नहीं था, जितना आज है। बता दें राघव चड्ढा की याचिका में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित एआई-जनरेटेड डीपफेक, छेड़छाड़ वाले वीडियो, फैब्रिकेटेड भाषण और भ्रामक सामग्री को हटाने की मांग की गई है। कोर्ट ने राघव चड्ढा से कहा है कि ऐसे मामलों में मानहानि का केस दर्ज किया जा सकता है। पार्टी बदलना एक सार्वजनिक फैसला है, व्यक्तिगत नहीं। कोर्ट ने एआई से बने वीडियो पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इन वीडियो पर आपत्ति है, तो विशेष याचिका दाखिल करें। व्यापक रूप से रोक लगाने की मांग नहीं की जा सकती।

# गोहत्या के खिलाफ आंदोलन चला रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने किया ऐलान

### शंकराचार्य गो-एलएक्स पर गाय खरीदेंगे और बेचेंगे



**वाराणसी (एजेंसी)।** गोहत्या के खिलाफ आंदोलन चला रहे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अब गायों की ऑनलाइन खरीद-फरोख्त का ऐलान किया है। शंकराचार्य ने गो-एलएक्स नाम से एक वेबसाइट शुरू करने का फैसला किया है, जिसके माध्यम से गायों की खरीद की जाएगी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हम एक वेबसाइट बनवा रहे हैं। इस वेबसाइट के जरिए हम गायों को खरीदेंगे। जो पशुपालक या व्यापारी अपनी गाय बेचना चाहता है, वह वेबसाइट पर विज्ञापन दे सकता है। अगर कोई हिंदू अपनी गाय बेचना चाहता है, तो मुझे बेचे। हम खरीदने के लिए तैयार हैं। हम गायों को कटने नहीं देंगे और किसी गोहत्यारे को गाय खरीदने नहीं देंगे।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार को एक वीडियो जारी किया। वीडियो में उन्होंने कहा कि हम गायों को खरीदकर उनकी सेवा करेंगे। हिंदुओं के कहने पर ही अपने वेबसाइट बनाई है। हमने इसका नाम गो-एलएक्स रखा है। लोग अपनी गाय यहां बेच सकते हैं। गो संरक्षण को समर्पित लोग भी उन गायों को खरीदकर सेवा कर सकेंगे। गायों को ऑनलाइन खरीदने का फैसला लेने की वजह बताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि सोशल मीडिया और कुछ समाचार माध्यमों से यह नैरेटिव फैलाया जा रहा कि यदि मुसलमान गाय खरीदना बंद कर देंगे या गो मांस खाना छोड़ देंगे तो हिंदू पशुपालक आर्थिक संकट में आ जाएंगे।

**गो-एलएक्स का मकसद, गायों को कटने से बचाना है**

शंकराचार्य ने कहा कि गो-एलएक्स मंच का उद्देश्य किसी भी परिस्थिति में गाय को कत्लखाने जाने से रोकना है। यह मंच ओएलएक्स की तर्ज पर कार्य करेगा। जहां गाय बेचने की इच्छा रखने वाले लोग संपर्क कर सकेंगे। गो सेवक और गो भक्त गायों को संरक्षण के लिए खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि वह ऐसी गायों को खरीदेंगे जो दूध देना बंद कर दी हैं या जिनको कसाई को बेचा जा रहा। पशुपालक उन गायों को हमारी वेबसाइट पर सीधे बेच सकेंगे और हम उसकी खरीदी करेंगे। कोई भी सच्चा हिंदू अपनी गाय को कटने के लिए नहीं बेच सकता। यदि किसी व्यक्ति में वास्तविक हिंदुत्व है, तो वह कभी भी गाय को कसाई के हाथों में नहीं सौंपेगा।

**मुस्लिम समाज भी गोहत्या बंदी के समर्थन में...**

शंकराचार्य ने कहा कि भारत में गो हत्या बंदी के समर्थन में मुस्लिम समाज भी है। मुस्लिम समाज के काफी लोग साथ हैं। उन्होंने यह स्वीकार किया है कि इस्लाम में गो मांस खाना कोई अनिवार्य धार्मिक कर्तव्य नहीं है। हम ऐसे लोगों का स्वागत करते हैं। यदि देश में गोहत्या और गोमांस भक्षण बंद होता है, तो इससे सामाजिक सौहार्द और आपसी सद्भाव को बल मिलेगा।

## इबोला वायरस को लेकर भारत सरकार ने किया अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अफ्रीका में फैले इबोला वायरस को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में फैले इबोला को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किए जाने के बाद भारत सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीजीएचएस ने सभी इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स को एडवाइजरी भेजी है खासकर उन यात्रियों के लिए जो डीआर कांगो, युगांडा और साउथ सूडान जैसे हाई रिस्क देशों से आ रहे हैं। एडवाइजरी में कहा है कि अगर किसी यात्री में बुखार, सिरदर्द, कमजोरी, उल्टी-दस्त, गले में खराश या खून बहने जैसे लक्षण हैं तो उसे इमिग्रेशन से पहले ही एयरपोर्ट हेल्थ ऑफिसर को रिपोर्ट करना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भारत में फिलहाल इबोला का कोई मामला सामने नहीं आया है और देश के लिए वर्तमान खतरा बेहद कम है। हालांकि सावधानी के तौर पर निगरानी और तैयारियों को और मजबूत किया जा रहा है। एडवाइजरी में ये भी कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति संक्रमित मरीज के खून या बॉडी फ्लूइड के संपर्क में आया है तो उस पर भी नजर रखी जाएगी। सरकार ने साफ किया है कि भारत आने के बाद 21 दिनों के अंदर अगर लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और अपनी ट्रैवल हिस्ट्री बताएं। बता दें एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है। इबोला एक बेहद खतरनाक बीमारी है इसलिए केंद्र सरकार ने यात्रियों से हेल्थ स्क्रीनिंग में पूरा सहयोग करने की अपील की है।




## उत्तर भारत में सूरज उगल रहा आग, यूपी के बांदा में पारा 48 पर पहुंचा



### -भारत के बड़े हिस्से में 40 से 47 के बीच तापमान बना रहने की संभावना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के उत्तर भारत में भीषण गर्मी जारी है। उत्तर भारत आग की भट्टी में तब्दील हो गया है। कई इलाकों में तापमान 45 डिग्री से पार है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। लू की तेज हवाएं तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को देश के करीब 50फीसदी हिस्से में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। यूपी, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, विदर्भ और ओडिशा जैसे राज्यों में भारी गर्मी पड़ रही है। यूपी के बांदा में सबसे ज्यादा तापमान 48.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा है।

वहीं सबसे ज्यादा गर्मी यूपी, मध्य प्रदेश और विदर्भ (महाराष्ट्र) के इलाकों में पड़ रही है। बांदा, खजुराहो, वर्धा, रोहतक और नागपुर जैसे शहर इस समय सूरज की तपिश में जल रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मई के अंत तक गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। उत्तर-पश्चिम भारत, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत और उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत के बड़े हिस्से में 40 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान बना रहने की संभावना है। लू की स्थिति भी जारी रहेगी। इस भीषण गर्मी में दिन के समय बाहर निकलना मुश्किल है। खेतों में काम करने वाले किसान, मजदूर और सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर में बाहर न निकलने, खूब पानी पीने, ओआरएस लेने और हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी है। सरकार और प्रशासन भी हाई अलर्ट पर हैं। स्कूलों के समय में बदलाव, पशुओं के लिए छाया और पानी की व्यवस्था जैसी तैयारियां की जा रही हैं। उत्तर भारत इस समय वाकई आग की भट्टी बना है। अगले कुछ दिनों में अगर कोई ठंडी हवा या प्री-मानसून की बारिश नहीं हुई तो स्थिति और बिगड़ सकती है।

# गिरिराज सिंह का राहुल गांधी पर तीखा पलटवार: कांग्रेस अब माओवादी, मुस्लिम पार्टी

### खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं और जमानत पर बाहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। राहुल गांधी पर तीखा पलटवार कर उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब वह पार्टी नहीं रही, बल्कि एक माओवादी, मुस्लिम कांग्रेस में बदल गई है। यह बयान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले दिया।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने स्पष्ट किया कि मंत्रिपरिषद की यह बैठक पहले से ही तय थी और इस राहुल गांधी के बयानों के जवाब में नहीं बुलाया गया था, क्योंकि मंत्रिपरिषद की बैठकें नियमित रूप से होती रहती हैं। कांग्रेस नेता पर सीधा हमला कर केंद्रीय मंत्री सिंह ने दावा किया कि देश में राहुल गांधी की पकड़ कमजोर हो गई है और कांग्रेस का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर प्रधानमंत्री मोदी को बार-बार अपशब्द कहने का आरोप लगाया, लेकिन कहा कि इन तमाम गालियों के बावजूद देश की जनता आज भी प्रधानमंत्री मोदी को पंसद करती है। राहुल गांधी पर व्यक्तिगत रूप से निशाना साधकर केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि वे खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं और जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए जिस भाषा का राहुल गांधी ने इस्तेमाल किया है, वह किसी विपक्ष के नेता के लिए कतई उपयुक्त नहीं है।


केंद्रीय मंत्री सिंह ने राष्ट्रीय संकटों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व का बचाव किया, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर संकट में देश के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं और आगे भी ऐसा ही होगा। गिरिराज सिंह की यह तीखी प्रतिक्रिया राहुल गांधी द्वारा एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करने के बाद आई है। राहुल गांधी ने चेतावनी दी थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की अशांति के कारण भारत पर आर्थिक तूफान आने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री देश को इसतरह के संकट के लिए तैयार करने में विफल रहे हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ हुई मुलाकात पर कटाक्ष कर कहा था कि प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ टॉफियां खा रहे थे और वीडियो बना रहे थे, जबकि देश पर संकट मंडरा रहा था।

## अमरनाथ यात्रा : 3.6 लाख से अधिक पंजीकरण, दुर्गम रास्तों पर तैयारियां तेज

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। अब तक 3.6 लाख से अधिक भक्त अपना पंजीकरण करा चुके हैं, और प्रशासनिक अधिकारियों को उम्मीद है कि यह संख्या 5 लाख के आंकड़े को छू सकती है। 57 दिवसीय यात्रा 3 जुलाई को शुरू होकर 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। इस यात्रा के दोनों मार्गों बालटाल-सोनमर्ग और नुनवान-पहलगाम पर अभी भी कई स्थानों पर 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी हुई है। हालांकि, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) इन दुर्गम रास्तों को बहाल करने में तेजी से जुटा है। बीआरओ के अधिकारियों का दावा है कि 15 जून तक दोनों मार्ग यात्रा के लिए पूरी तरह तैयार कर दिए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए थे और अब पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की निर्धारित शाखाओं के माध्यम से व्यक्तिगत या छोटे समूहों के लिए जारी हैं, जबकि 5 से 30 लोगों के समूह के लिए पंजीकरण बुधवार को बंद हो गए। इस साल श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। बेस कैंप में पारंपरिक टेंट की जगह अब प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर तैयार किए जा रहे हैं।

# सांसद सायोनी घोष का सिर कलम करने पर एक करोड़ का रखा ईनाम

### - बाद में धमकाने वाले भाजपा नेता ने खेद जताया



**सिकंदराबाद (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल से टीएमसी सांसद सायोनी घोष का सिर कलम करने वाले को एक करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा करने वाले उत्तर प्रदेश के भाजपा नेता और सिकंदराबाद नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. प्रदीप दीक्षित अब अपने बयान से बैकफुट पर आ गए हैं। सोशल मीडिया पर विवादित वीडियो वायरल होने और चौतरफा घिरने के बाद उन्होंने बुधवार शाम एक नया वीडियो जारी कर अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है।

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब बुलंदशहर के सिकंदराबाद में करीब पांच दिन पहले आयोजित एक धर्म ध्वज यात्रा के दौरान डॉ. प्रदीप दीक्षित ने यह भड़काऊ बयान दिया था। वीडियो सामने आने के बाद राजनीति गर्मा गई। टीएमसी सांसद सायोनी घोष ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने इसे एक महिला जनप्रतिनिधि को दी गई खुली धमकी करार दिया। सायोनी घोष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नितिन गडकरी को टैग करते हुए स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस से इस मामले में तत्काल कड़ी कार्रवाई की अपील करते हुए कहा कि वह ऐसी धमकियों से डरने वाली नहीं हैं और लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाती रहेंगी। दरअसल, यह पूरा विवाद साल 2015 की एक पुरानी सोशल मीडिया पोस्ट (शिवलिंग पर कथित कार्टून) से जुड़ा है। सायोनी घोष ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वह पोस्ट उन्होंने नहीं की थी और उस समय वह महज 22 वर्ष की थीं। वह इस विषय पर पहले ही सार्वजनिक रूप से माफी मांग चुकी हैं और सभी धर्मों का सम्मान करती हैं।

**भाजपा नेता ने दी सफाई**

सांसद सायोनी घोष के कड़े रुख और पुलिस कार्रवाई की मांग के बाद भाजपा नेता डॉ. प्रदीप दीक्षित ने बैकफुट पर आते हुए बुधवार शाम एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सायोनी घोष उस पुरानी विवादित तस्वीर को लेकर पहले ही खेद जता चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह की हिंसा के समर्थक नहीं हैं। उन्होंने अपने बयान पर खेद जताते हुए लोगों से अपील की कि न तो किसी को हिंसा की बात करने का अधिकार है और न ही किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का।

## बंगाल के मदरसों में गाना पड़ेगा वंदे मातरम

### -शुभेंदु सरकार ने जारी किए आदेश



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी मदरसों में 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में मदरसा शिक्षा निदेशालय की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। जारी किए गए आधिकारिक आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि पहले के सभी निर्देशों और प्रथाओं को निरस्त करते हुए अब राज्य के मदरसों में दैनिक कक्षाएं शुरू होने से पहले होने वाली सुबह की प्रार्थना में 'वंदे मातरम्' गाना बेहद जरूरी होगा।

यह नया नियम राज्य के सभी सरकारी मॉडल मदरसों (इंग्लिश मीडियम), मान्यता प्राप्त सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों, अप्रूव्ड एमएसके, अप्रूव्ड एसएसके और मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त मदरसों पर समान रूप से लागू होगा। सरकार ने निर्देश दिया है कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से पूरे राज्य में सख्ती से लागू किया जाए। मदरसा शिक्षा निदेशक की तरफ से इस आदेश की प्रतिलिपि सभी जिलाधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन और अन्य संबंधित विभागों को अनुपालन के लिए भेज दी गई है। आदेश में बताया गया है कि इसे सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद ही जारी किया गया है। पश्चिम बंगाल सरकार का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब हाल ही में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को राष्ट्रगान जन गण मन के बराबर का दर्जा देने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य वंदे मातरम् को भी उसी कानूनी दायरे में लाना है, जिसके तहत अभी राष्ट्रगान को सुरक्षा और सम्मान मिला हुआ है। इस नए प्रस्तावित संशोधन के लागू होने के बाद, देश में वंदे मातरम गाए जाने के दौरान किसी भी तरह का अपमान करना या उसमें बाधा डालना एक संज्ञेय अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। मौजूदा कानूनी नियमों के तहत, यदि कोई व्यक्ति जान-बूझकर राष्ट्रगान गाने से रोकता है या उसमें किसी प्रकार का व्यवधान पैदा करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल, जुर्माना या दोनों भुगतने पड़ सकते हैं। वहीं, बार-बार इस अपराध को दोहराने वालों के लिए कम से कम एक साल की अनिवार्य जेल का प्रावधान है। अब यही कड़े कानूनी प्रावधान और सजा वंदे मातरम् के अपमान पर भी लागू होंगे।

# ट्रेनों में हो रही लगातार आग की घटनाएं किसी साजिश का हिस्सा हैं?

### -रेलवे ने किया खुलासा, असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की ओर किया इशारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने हाल के दिनों में ट्रेनों में अचानक आग लगने की घटनाओं को लेकर खुलासा किया है। रेलवे ने बुधवार को इन हादसों को महज इत्तेफाक या तकनीकी खराबी मानने के बजाय, इसके पीछे साजिश की आशंका जताई है। आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया गया है कि अब तक हुई जांच के नतीजे असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की ओर साफ इशारा कर रहे हैं। इस खुलासे के बाद सुरक्षा एजेंसियों और रेलवे में हड़कंप मच गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे प्रशासन ने खासतौर पर चार अलग-अलग जगहों पर हुई घटनाओं का जिक्र किया है, जिन्होंने सुरक्षा तंत्र की नींद उड़ा दी है। इनमें राजस्थान के अमरपुरा और कोटा में सामने आई घटनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के सासाराम और पश्चिम बंगाल के हावड़ा में भी ट्रेनों में भड़की आग ने इस शक को और पुख्ता कर दिया है कि इसके पीछे कोई साजिश हो सकती है। रेलवे का कहना है कि इन सभी घटनाओं को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अमरपुरा में जहां ट्रेन के बेडरोल में आग लगाने की कोशिश की गई, वहीं हावड़ा की घटना में तो कोच के बाथरूम से पेट्रोल से सना हुआ एक कपड़ा बरामद हुआ है, जिसने साजिश के शक को और पुख्ता कर दिया है। इसी तरह कोटा में राजधानी एक्सप्रेस के बाथरूम से लपटें उठती देखी गईं। वहीं, बिहार के सासाराम स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर खड़ी सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन के एक खाली कोच में किसी अज्ञात शख्स ने कोई जलती हुई चीज फेंक दी। हालांकि, शुरुआती जांच में सासाराम की घटना के पीछे शॉर्ट सर्किट का अंदेशा जताया गया था, लेकिन अब इसमें भी तोड़फोड़ का एंगल सामने आ रहा है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद रेलवे प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। मामलों की तह तक जाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरपीएफ की स्पेशल टीमें हर मामले की हर एंगल से बारीकी से जांच कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि देश की जीवनरेखा माने जाने वाले रेलवे नेटवर्क को निशाना बनाने के पीछे किन लोगों का हाथ है। इन घटनाओं के मद्देनजर रेलवे ने यात्रियों से भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। रेलवे ने एडवाइजरी जारी कर कहा कि सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे अलर्ट और सुरक्षित रहें। अगर आपको ट्रेन या स्टेशन पर कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो बिना कोई देर किए तुरंत रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर सूचना दें।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com